संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, गुरूवार, 24 अगस्त 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर फिल्म गदर 2 के निर्देशक एवं कलाकारों ने शिष्टाचार भेंट की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 225 पृष्ठः 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



# सबसे आगे हिन्दुस्तानी

# चंद्रक्रांति: रचा इतिहास, चांद पर फहराया तिरंगा

## चांद पर चंद्रयान बोला- मैं अपनी मंजिल पर पहुंच गया, साउथ पोल पर लैंडिंग करने वाला भारत दुनिया का पहला देश, अब चंदामामा दूर के नहीं: पीएम

### ऐतिहासिक

- 8 चंदा मामा के घर 'मेहमान' बनकर पहुंचा भारत, चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग,
- 8 पीएम मोदी ऐतिहासिक पल के साक्षी बने

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**चांद** की धरती पर उतरकर भारत ने बुधवार को इतिहास रच दिया। चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर तय समय पर 6 बजकर 4 मिनट पर चांद के उस हिस्से पर उतरा, जहां आज तक कोई भी नहीं पहुंचा था। इस ऐतिहासिक पल का सीधा प्रसारण होने से पूरा देश चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर कदम रखने की ऐतिहासिक घटना का गवाह बना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने गए साउथ अफ्रीका से इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने।

**चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बना भारतः** अमेरिका, रूस और चीन भारत से पहले चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग कर चुके हैं, इसलिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के मून मिशन पर नासा सहित पूरी दुनिया की निगाहें टिकी थीं, क्योंकि इसका सबसे बड़ा कारण यह रहा कि आज भारत का चंद्रयान-3 उस जगह पर उतरा है, जहां पर आज तक कोई देश नहीं पहुंच सका था। बेंगलुरु के इसरो कमांड सेंटर में वैज्ञानिकों की पूरी टीम के लिए यह बेहद अहम और तनाव भरा समय रहा, लेकिन भारत के चांद के दक्षिणी ध्रुव पर जाने वाला दुनिया का पहला देश बनते ही सारे वैज्ञानिक खुशी से झूम उठे और एक दूसरे को बधाई दी। चांद का दक्षिणी ध्रुव बेहद खास और रोचक इसलिए है, क्योंकि यहां हमेशा अंधेरा रहता है। इसरो ने चांद के इस हिस्से में मौजूद क्रेटर्स में सोलर सिस्टम के जीवाश्म होने की संभावना भी जताई है। चंद्रयान-3 से भेजा गया प्रज्ञान रोवर चांद के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर घूम कर इन सब बातों का पता लगाएगा।








**यह** क्षण भारत के सामर्थ्य का है। यह क्षण भारत में नई ऊर्जा, नए विश्वास, नई चेतना का है। अमृतकाल में अमृतवर्षा हुई है। हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया। हम अंतरिक्ष में नए भारत की नई उड़ान के साक्षी बने हैं। नया इतिहास बनते ही हर भारतीय जश्न में डूब गया है। पहले कहा जाता था कि चंदा मामा बहुत दूर के हैं। एक दिन ऐसा आएगा कि बच्चे कहेंगे चंदा मामा बस टूर के हैं।

–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**अब क्या-क्या शोध करेगा प्रज्ञान रोवरः** भारत का चंद्रयान-3 मिशन अब तक के मिशनों से अलग है। इस मिशन से व्यापक भौगौलिक, मौसम सम्बन्धी अध्ययन और चंद्रयान-1 द्वारा खोजे गए खनिजों का विश्लेषण करके चंद्रमा के अस्तित्त्व में आने और उसके क्रमिक विकास की और ज्यादा जानकारी मिल पाएगी।

## विक्रम लैंडर ने खुद तलाशी लैंडिंग की जगह

**इसरो के** मुताबिक चांद पर गुरुत्वाकर्षण शक्ति धरती की अपेक्षा 1/6 कम है। यानी वहां गिरने की गति ज्यादा तेज है, क्योंकि वहां वायुमंडल नहीं है, इसलिए घर्षण से गति कम करने की कवायद भी नहीं की जा सकती थी। इसलिए जब विक्रम लैंडर ने 25 किमी. की ऊंचाई से चांद की सतह पर उतरना शुरू किया, तो उसके नीचे लगे चारों इंजनों को ऑन कर दिया गया। इस तरह जो इंजन अभी तक विक्रम लैंडर को आगे बढ़ाने का काम कर रहे थे, वही इंजन विपरीत दिशा में दबाव बनाकर विक्रम की गति को कम करके 2 मीटर प्रति सेकंड पर ले आये और लैंडिंग से कुछ सेकंड पहले गति जीरो कर दी गई। यह सारा काम विक्रम लैंडर में मौजूद ऑनबोर्ड




कंप्यूटर ने किया। उसमें लगे सेंसर्स ने सही और गलत जगह की तलाश की और फिर विक्रम लैंडर अपने चारों पैरों के सहारे आराम से चांद की सतह पर उतर गया।

**चंदा मामा के दूर के नहीं, एक टूर केः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा- यह क्षण भारत के सामर्थ्य का है। यह क्षण भारत में नई ऊर्जा, नए विश्वास, नई चेतना का है। अमृतकाल में अमृतवर्षा हुई है। हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया। हम अंतरिक्ष में नए भारत की नई उड़ान के साक्षी बने हैं। नया इतिहास बनते ही हर भारतीय जश्न में डूब गया है। पहले कहा जाता था कि चंदा मामा बहुत दूर के हैं। एक दिन ऐसा आएगा कि बच्चे कहेंगे चंदा मामा बस टूर के हैं।

**तब रूस के नाम हो जाता यह रिकॉर्डः** भारत से पहले रूस चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लूना-25 यान उतारने वाला था। 21 अगस्त को यह लैंडिंग होनी थी, लेकिन आखिरी ऑर्बिट बदलते समय रास्ते से भटक गया और चांद की सतह पर क्रैश हो गया। चंद्रयान-3 आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई को 3 बजकर 35 मिनट पर लॉन्च हुआ था। इसे चांद की सतह पर लैंडिंग करने में 41 दिन का समय लगा। धरती से चांद की कुल दूरी 3 लाख 84 हजार किलोमीटर है।

## साउथ पोल पर ही मिशन क्यों भेजा गया?




**चंद्रमा** के पोलर रीजन दूसरे रीजन्स से काफी अलग हैं। यहां कई हिस्से ऐसे हैं जहां सूरज की रोशनी कभी नहीं पहुंचती और तापमान -200 डिग्री सेल्सियस से नीचे तक चला जाता है। ऐसे में वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यहां बर्फ के फॉर्म में अभी भी पानी मौजूद हो सकता है। भारत के 2008 के चंद्रयान-1 मिशन ने चंद्रमा की सतह पर पानी की मौजूदगी का संकेत दिया था। इस मिशन की लैंडिंग साइट चंद्रयान-2 जैसी ही है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास 70 डिग्री अक्षांश पर। लेकिन इस बार एरिया बढ़ाया गया है। चंद्रयान-2 में लैंडिंग साइट 500 मीटर 500 मीटर थी। अब, लैंडिंग साइट 4 किमी 2.5 किमी है। चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सॉफ्ट-लैंडिंग कराने वाला दुनिया का पहला स्पेसक्राफ्ट बन गया है। चंद्रमा पर उतरने वाले पिछले सभी स्पेसक्राफ्ट भूमध्यरेखीय क्षेत्र में, चंद्र भूमध्य रेखा के उत्तर या दक्षिण में कुछ डिग्री अक्षांश पर उतरे हैं।

**इस बार लैंडर में 5 की जगह 4 इंजन क्यों?**
इस बार लैंडर में चारों कोनों पर चार इंजन (थ्रस्टर) लगाए गए। पिछली बार चंद्रयान-2 के बीचो-बीच लगा पांचवां इंजन हटा दिया गया। फाइनल लैंडिंग दो इंजन की मदद से ही हुई। दो इंजन इसलिए बंद रखे गए ताकि इमरजेंसी में ये काम कर सकें। चंद्रयान 2 मिशन में आखिरी समय में पांचवां इंजन जोड़ा गया था। इंजन इसलिए हटाया गया, ताकि ज्यादा फ्यूल साथ ले जाया जा सके।

### क्या होती है सॉफ्ट लैंडिंग

**भारत** ने पहली बार किसी उपग्रह पर अपने किसी यान की सॉफ्ट लैंडिंग कराई है। सफल होने पर भारत दुनिया का चौथा देश बन गया है, जिसके पास सॉफ्ट लैंडिंग की स्वदेशी तकनीक है। सॉफ्ट लैंडिंग में खतरे भी बहुत होते हैं और तमाम सावधानियां भी बरतनी पड़ती हैं। हवाई जहाज से कूदने पर थोड़ी ऊंचाई के बाद पैराशूट खोलकर जमीन पर उतरने को भी 'सॉफ्ट लैंडिंग' कहा जाता है।



चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग पर इसरो वैज्ञानिकों ने जश्न मनाया।

## 'चंद्रयान-3' की सफलता से अंतरिक्ष विज्ञान के स्वर्णिम युग का आरंभः योगी

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'चंद्रयान-3 की सफलता को भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के स्वर्णिम युग का आरंभ कहा है। बुधवार को मिशन की सफलता के बाद अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी के विजनरी नेतृत्व में 'वसुधैव कुटुम्बकम' के भाव के साथ अर्जित इस उपलब्धि के लिए इसरो की टीम का हार्दिक अभिनंदन है।

मुख्यमंत्री योगी भी चंद्रयान-3 के चांद की सतह पर सफल लैंडिंग के साक्षी बने। सीएम ने अपने आवास पर भारत की इस ऐतिहासिक उपलब्धि का सीधा प्रसारण देखा। चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग के बाद उन्होंने सभी को बधाई दी और इस उपलब्धि को नए भारत के सामर्थ्य और शक्ति का जोरदार प्रदर्शन करार दिया।

## चंद्रयान-3 की सफलता पर, वैज्ञानिकों ने बताया इसे जीवन का यादगार लम्हा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भारत ने चांद पर कदम रख कर इतिहास रच दिया है। चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग की ऐतिहासिक उपलब्धि पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने खुशी जताई। बुधवार को सफल मिशन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर अपनी टीम को बधाई देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मिशन-2 की विफलता से बहुत कुछ सीखा और आज हम सफल हुए। चंद्रयान से मिलने वाली जानकारी के लिए अभी अगले 14 दिनों का इंतजार किया जा रहा है। इसरो की उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसरो प्रमुख को बधाई दी। इसरो प्रमुख ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने व्यक्तिगत रूप से उन्हें बधाई दी। उन्होंने बताया कि इसरो का अगला मिशन आदित्य एल-1 मिशन है जो श्रीहरिकोटा में तैयार हो रहा है। चंद्रयान 3 मिशन की एसोसिएट प्रोजेक्ट डायरेक्टर कल्पना ने कहा कि यह उनके और उनकी टीम के लिए सबसे यादगार पल है। पिछले कई वर्षों से हम यही प्रयास कर रहे हैं।

फास्ट न्यूज

## विशाल मेगा मार्ट में लगी आग

**लखनऊ :** विकास नगर थाना क्षेत्र स्थित विशाल मेगा मार्ट में बुधवार को आग लग गई। इसे बुझाने अग्निशमन की पांच गाड़ियों की मदद से दमकल कर्मचारियों ने काफी मशक्कत की। आग से लाखों का नुकसान हुआ है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) ने बताया कि विकास नगर रिंग रोड स्थित जगरानी अस्पताल के पास विशाल मेगा मार्ट है। रोजाना की तरह बुधवार को मार्ट खुला हुआ था। अचानक दूसरे तल में आग लग गई, जिससे मार्ट में अफरा-तफरी मच गई। आग ने विकराल रूप धारण करते हुए फूड स्टॉल को भी चपेट में ले लिया। लोगों ने पुलिस और दमकल की सूचना दी। मौके पर फायर बिग्रेड की टीम पहुंची और आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। बिल्डिंग में धुआं भरने से आग बुझाने में दमकल कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कर्मचारी आकाश पटेल और आराधना ने बताया कि मार्ट के बाहर खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई थी। धमाके से मार्ट के बोर्ड में आग लगने के बाद पूरे शो-रूम में आग फैल गई। आग से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग बुझाने के लिए मिट्टी और फायर फायटिंग इक्युपमेंट का इस्तेमाल किया गया।

## भूपेश सरकार में महिलाएं त्रस्त : श्रीनिवासन

**रायपुर:** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन ने कहा है कि भाजपा महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारी-कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए कमर कस चुकी हैं। श्रीमती श्रीनिवासन ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शक्ति केंद्रों तक जाकर हर एक महिला से संपर्क किया जाएगा और उनको केन्द्रीय योजनाओं के बारे में बताया जाएगा। इस दौरान छत्तीसगढ़ व देशभर में एक करोड़ महिलाओं से संपर्क करने का लक्ष्य तय किया गया है। सितंबर के महीने से विभिन्न जनसंपर्क अभियान एवं युवती सम्मेलनों के तहत छत्तीसगढ़ की हर विधानसभा के विभिन्न वर्गों की महिलाओं से भाजपा महिला मोर्चा संपर्क साधेगा। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवासन ने बुधवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भारत आविष्कारों एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नयी ऊंचाइयों को छू रहा है। महिला सशक्तीकरण और महिलाओं की उन्नति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनओं की विस्तार से चर्चा करते हुए श्रीमती श्रीनिवासन ने कहा कि महिला मोर्चा की सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के विकास एवं सशक्तीकरण के लिए जो भी कार्य हुए हैं, उनको गांव एवं शहर, हर स्तर पर महिलाओं तक पहुँचाएंगी। सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए केंद्र सरकार द्वारा देश में युवा महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन ट्रीटमेंट देने की शुरूआत की है । जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य को भी चुना गया है जिससे छत्तीसगढ़ की महिलाओं में इस बीमारी से बचने के लिए एक बहुत ही सशक्त पहल है।

# 'खेलों में भी यूपी की अब अलग पहचान'

## 'निष्पक्ष मिली नौकरी, जरूरतमंदों को न्याय दिलाएंगे, लोकभवन में नवचयनितों के अंतर्मन से निकले योगी सरकार के प्रति विश्वास के बोल

**कार्यप्रणाली**

**यूपी की माटी की महक दुनिया में महकाने वाले खिलाड़ियों को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से नौकरी मिली**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**खेलों** में भी यूपी की अब अलग पहचान बन चुकी है। पदक लाने वाले खिलाड़ियों को योगीराज में यहां भी राजपत्रित अधिकारी के रूप में नौकरी मिल रही है। सीएम योगी की निष्पक्ष कार्यप्रणाली व अपनी खेलों-प्रतिभा की बदौलत यूपी की माटी की महक दुनिया में महकाने वाले खिलाड़ियों को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से नौकरी मिली। यूपी के खिलाड़ी हों या राज्य से बाहर के, सिर्फ और सिर्फ खेल में प्रदर्शन ही उनके चयन का आधार बना। नियुक्ति पत्र पाने वाले 233 आरक्षियों ने सीएम योगी के नेतृत्व में हुई निष्पक्ष व पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की न सिर्फ सराहना की, बल्कि विश्वास भी दिलाया कि नौकरी के जरिए जरूरतमंदों को न्याय दिलाएंगे और खेल के जरिए यूपी का मान बढ़ाएंगे। आंध्र प्रदेश, केरल, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा आदि राज्यों के खिलाड़ी भी यूपी का हिस्सा बने।

**जुलाई में भी 227 आरक्षियों को खेल कोटे से मिला था नियुक्ति पत्र :** सीएम योगी आदित्यनाथ ने लगातार दो महीने (जुलाई व अगस्त) खेल कोटे से आरक्षियों को नियुक्ति पत्र देकर यूपी पुलिस की नौकरी से जोड़ा। 23 अगस्त को मुख्यमंत्री ने लोकभवन में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड द्वारा कुशल खिलाड़ी कोटे में चयनित 233 आरक्षियों को नियुक्ति पत्र दिया तो इसके पहले 8 जुलाई को भी मुख्यमंत्री ने 227 आरक्षियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया था। यही नहीं, 6 जुलाई को भी मुख्यमंत्री ने खेल के इतर लोकभवन में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित 1148 पदों पर नियुक्ति पत्र दिया था।

**यूपी में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं हुआ:** हरियाणा निवासी जतिन जूडो के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। साउथ अफ्रीका में हुए कॉमनवेल्थ जूडो चैंपियनशिप-2023 जतिन ने स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कहा कि खेल कोटे से उन्हें नौकरी मिली। यूपी में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं हुआ। इससे अच्छे खिलाड़ियों को आगे आने का मौका मिला। विश्वास दिलाते हैं कि यूपी के खिलाड़ी आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतर मेडल लाएंगे।

### 'हर खेलों में यूपी के लिए आएंगे पदक'

**उत्तराखंड** की रहने वालीं खिलाड़ी तनु मलिक ने कहा कि भर्ती के माध्यम से सभी को एकत्र किया गया। जिस प्रकार खेलों में हम सभी ने अभी तक प्रदर्शन किया। कोशिश रहेगी कि विभिन्न खेलों के खिलाड़ी आने वाले समय में भी उसी प्रकार प्रदर्शन कर पदक लाकर यूपी का गौरव बढ़ाते रहें। यह सत्य है कि यूपी में निष्पक्ष व पारदर्शी प्रक्रिया के तहत ही युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है।

**योगी जैसी सरकार किसी प्रदेश में नहीं:** नवचयनित राजस्थान के मूल निवासी दिनेश चौधरी ने कहा कि योगी जैसी सरकार किसी प्रदेश में नहीं है। निष्पक्ष भर्ती हुई है और सबके सामने पारदर्शिता से कार्य हुआ है। भेदभाव जैसी चीज यहां बिल्कुल भी नहीं है। हमें सिर्फ और सिर्फ अपने चयन के आधार पर ही नौकरी मिली। यह बड़ी बात है। प्रदर्शन ही चयन का मानक बना तो यह सिर्फ योगीराज में ही संभव है। यूपी के देवरिया निवासी रोइंग खिलाड़ी शोभित पांडेय ने कहा कि निष्पक्ष भर्ती के कारण ही अच्छे खिलाड़ी निकलकर आए हैं। अब हमारी जिम्मेदारी है कि यूपी के लिए पदक लाने के साथ लोगों को न्याय मिले। हम यूपी के लिए निरंतर खेलों में पदक लाते रहेंगे और अपने गांव-प्रदेश का नाम बढ़ाते रहेंगे।

## उद्योगों की बिजली काट कृषि उपभोक्ताओं को मिले निर्बाध विद्युत आपूर्ति: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं के साथ ही कृषि के लिए पर्याप्त विद्युत आपूर्ति राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सरकार निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के हरसंभव प्रयास कर रही है, ताकि हमारे किसानों को सिंचाई में परेशानी उठानी नहीं पड़े।

गहलोत ने मंगलवार देर रात तक मुख्यमंत्री निवास पर राज्य में विद्युत आपूर्ति की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अघोषित बिजली कटौती नहीं की जाए। यदि कटौती अपरिहार्य हो, तो इसकी समुचित सूचना प्रभावित होने वाले क्षेत्र के लोगों को पूर्व में ही दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जून-जुलाई में बारिश अच्छी होने के कारण फसलों की बुवाई ऐतिहासिक रूप से बढ़ी।

वहीं, अगस्त में बारिश की कमी से सिंचाई के लिए बिजली की मांग भी बढ़ गई। साथ ही, छत्तीसगढ़ से भी कोयले की आपूर्ति नहीं होने, गर्मी की वजह से घरेलू उपभोक्ताओं की मांग बढ़ने सहित

**न हो परेशानी**

**यदि कटौती अपरिहार्य हो, तो इसकी समुचित सूचना प्रभावित होने वाले क्षेत्र के लोगों को पूर्व में ही दी जाए**

अन्य कारणों से बिजली की मांग और आपूर्ति में बड़ा अंतर आया है। 10 अगस्त से लगातार लगभग 3300 लाख यूनिट बिजली उपलब्ध करवायी जा रही है, जो कि एक रिकॉर्ड है। गत वर्ष अगस्त माह में औसत खपत लगभग 2300 लाख यूनिट ही थी, परंतु इस वर्ष अचानक विद्युत भार बढ़ने के कारण ट्रांसफॉर्मर ट्रिपिंग की समस्या का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि अगस्त में राज्य में ही नहीं बल्कि पूरे उत्तरी भारत में बिजली की मांग अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार उपभोक्ताओं को पर्याप्त विद्युत उपलब्धता के लिए महंगी दर पर भी बिजली खरीदने को तैयार है।

## राजस्थान में पिछले पांच वर्षों से लूट और भ्रष्टाचार का शासन: अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**केंद्रीय** खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर बुधवार को जयपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में ठाकुर ने प्रदेश की गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राजस्थान में पिछले पांच वर्षों से लूट और भ्रष्टाचार का शासन है। सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेलो इंडिया केंद्र, राजस्थान का शुभारंभ करने और युवा प्रतिनिधि सम्मेलन में हिस्सा लेने जयपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा कि यहां के युवाओं ने बेरोजगारी, पेपरलीक जैसी घटनाओं को झेला है। अब प्रदेश के युवाओं ने इस सरकार से निजात पाने का मन बना लिया है। युवाओं का ये प्रण ही राजस्थान को भ्रष्टाचार के शासन से मुक्ति दिलाएगा। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग के प्रयास से पहले इसरो टीम को शुभकामनाएं दीं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम सभी उस पल का इंतजार कर रहे हैं, जब चंद्रयान-3 मिशन सफल हो। ठाकुर ने कहा कि भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक बड़ी छलांग लगाई है।



## 31 यात्रियों से भरी बस खाई की ओर लटकी

**टीम एक्शन इंडिया/नैनीताल**

**जनपद में** बुधवार को एक बड़ी दुर्घटना दैव योग से टल गई। भवाली-अल्मोड़ा राजमार्ग पर गरमपानी के पास दोपाखी के पास उत्तराखंड परिवहन निगम की बस अनियंत्रित होकर शिप्रा नदी की ओर लटक गई। बताया गया है कि बागेश्वर डिपो की बस दिल्ली से बागेश्वर होते हुए मुन्स्यारी जा रही थी। गनीमत रही कि सड़क किनारे डिवाइडर लगे होने की वजह से बस नदी में जाने से बच गई। इस दौरान बस में 31 यात्री सवार बताए गए हैं। अचानक बस के इस तरह अनियंत्रित होने से यात्रियों में चीख-पुकार मच गई, परंतु बस के नदी में गिरने से बच जाने से यात्रियों ने राहत की सांस ली।

## जांच एजेंसियों के जरिये कांग्रेस नेताओं को डरा रही है केंद्र सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस ने** आरोप लगाया है कि मोदी सरकार आगामी चुनावों में हार से घबराकर जांच एजेंसियों से कांग्रेस नेताओं को परेशान करवा रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा और पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाकार सहित कुछ अन्य लोगों के घरों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी पर आपत्ति जताई है। छत्तीसगढ़ में आज की जा रही ईडी छापेमारी हार से घबराई हुई भाजपा करवा रही है। पिछले कुछ दिनों में कई सर्वे में भाजपा की भारी हार दिखाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के पीछे छत्तीसगढ़ की जनता की ताकत है। हमें डराया नहीं जा सकता। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने भी पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर कटाक्ष करते हुए लिखा, "मेरे जन्मदिन के दिन आपने मेरे राजनीतिक सलाहकार एवं मेरे ओएसडी सहित करीबियों के यहां ईडी भेजकर जो अमूल्य तोहफा दिया है, इसके लिए बहुत आभार।"

**आरोप**

**छत्तीसगढ़ में आज की जा रही ईडी छापेमारी हार से घबराई हुई भाजपा करवा रही है : खेड़ा**

## नासिक: एपीएमसी में प्याज की नीलामी आज से

**टीम एक्शन इंडिया/नासिक**

**महाराष्ट्र** के नासिक जिले में सभी एपीएमसी में प्याज की नीलामी गुरुवार से फिर शुरू होगी। प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाए जाने का विरोध कर रहे व्यापारियों ने आंदोलन वापस लेने का फैसला किया है। व्यापारियों के एक प्रतिनिधि ने बुधवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री डॉ. भारती पवार के साथ बुधवार को यहां व्यापारियों-निर्यातकों और किसानों के प्रतिनिधियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया।



**नासिक में व्यापारियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद लिया गया फैसला:** बैठक के बाद पवार ने यह भी कहा कि नासिक में व्यापारियों के एक प्रतिनिधि ने बैठक में सूचित किया कि वे कृषि उपज बाजार समितियों (एपीएमसी) में प्याज की नीलामी बंद करने के फैसले को वापस ले रहे हैं और वहां से परिचालन शुरू होगा। उन्होंने कहा, "40 प्रतिशत निर्यात शुल्क के बारे में हम केंद्र सरकार से पुनर्विचार करने और इस मुद्दे पर सकारात्मक निर्णय लेने का अनुरोध करेंगे।" केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री पवार नासिक के डिंडोरी से सांसद हैं। एशिया की सबसे बड़ी थोक प्याज मंडी के रूप में जानी जाने वाली लासलगांव एपीएमसी सहित नासिक में अधिकांश एपीएमसी में प्याज की नीलामी बंद कर दी गई है क्योंकि व्यापारी प्याज पर निर्यात शुल्क में वृद्धि के खिलाफ हैं।

तैयारियां पूरी

### प्रतियोगिता परीक्षा में, प्रशासन ने की पूरी तैयारी

## बिहार: 30 परीक्षा केंद्रों पर 12,856 परीक्षार्थी होंगे अध्यापक

**परीक्षा केंद्र**

**टीम एक्शन इंडिया/अररिया**

**अररिया** जिला के 30 परीक्षा केंद्रों पर होने वाले प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा में 12,856 परीक्षार्थी शामिल होंगे। अररिया में जहां 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं,वहीं फारबिसगंज अनुमंडल में 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रथम पाली में 11768 एवं द्वितीय पाली में 1088 अर्थात कुल 12856 परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा 24 और 25 अगस्त को आयोजित होना है और इसको लेकर प्रशासनिक तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।इसी कड़ी में समाहरणालय स्थित परमान सभागार में बैठक आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता विशेष कार्य पदाधिकारी देवेंद्र प्रताप शाही ने की। बैठक में सभी केन्द्राधीक्षक, स्टैटिक दण्डाधिकारी-सह-प्रेक्षक, जोनल दण्डाधिकारी-सह- गश्तीदल दण्डाधिकारी, उड़नदस्ता दल, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, समादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी, सभी पुलिस पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी एवं परीक्षा से सम्बद्ध सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया।बैठक में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं परीक्षा से सम्बद्ध सभी पदाधिकारियों तथा केंद्राधीक्षकों को शांतिपूर्ण परीक्षा के आयोजन के मद्देनजर कई आवश्यक जानकारी दी गई।

बिहार लोक सेवा आयोग से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुपालन हरहाल में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।



**बिहार लोक सेवा आयोग से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुपालन हरहाल में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया**



# शीघ्र जारी होगी नए भर्ती आयोग की अधिसूचना

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि भंग किए जा चुके हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी चयन आयोग के स्थान पर नए भर्ती आयोग की अधिसूचना शीघ्र जारी की जाएगी। नए आयोग की रूपरेखा पर सिफारिशें देने के लिए गठित दीपक शानन समिति ने मंगलवार देर सायं मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नए भर्ती आयोग की कार्यक्षमता पर एक प्रस्तुति दी। समिति ने प्रस्तावित भर्ती आयोग के संचालन में पारदर्शिता, संरचनात्मक समग्रता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न उपायों पर प्रस्तुति दी।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के युवाओं के हितों को प्राथमिकता देने वाली पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नया आयोग



पूरी तरह से योग्यता-आधारित चयन पर केन्द्रित होगा और पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं जैसी कुरीतियों पर रोक लगाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि नई प्रणाली में परीक्षा के दौरान मानवीय हस्तक्षेप को कम करने और सत्यनिष्ठा को बनाए रखने के लिए अचूक तरीकों को नियोजित करने पर ध्यान केन्द्रित कर इसकी रूपरेखा तैयार की जाएगी। परीक्षा पत्र तैयार करने, भर्ती प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और भ्रष्टाचार से निपटने में आधुनिक उपकरणों, प्रक्रियाओं और तकनीकों का उपयोग किया जाएगा।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि नए चयन आयोग का गठन होते ही भर्तियां आरम्भ कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देगी तथा भर्ती प्रक्रियाओं में किसी भी प्रकार के हेर-फेर के प्रति कड़े कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी चयन आयोग को भंग करने का निर्णय बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार को दूर करने के दृष्टिगत आवश्यक था।समिति के अध्यक्ष दीपक शानन ने कहा कि प्रस्तावित आयोग से संबंधी दूसरी रिपोर्ट शीघ्र ही प्रस्तुत की जाएगी, जिसमें आयोग की कार्यप्रणाली का और अधिक सटीक विवरण दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा, सचिव शिक्षा डॉ.अभिषेक जैन, मुख्यमंत्री के प्रधान निजी सचिव विवेक भाटिया, दीपक शानन समिति के सदस्य और निदेशक डिजिटल टेक्नोलॉजी एवं गवर्नेंस मुकेश रेप्सवाल सहित अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

# आपदा से प्रभावित लोगों को जल्द जमीन उपलब्ध करवाए सरकार: गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया/ घुमारवीं/ नीरज शर्मा**

**प्रदेश में आपदा** से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सरकार पुनर्वास योजना के तहत रहने के लिए तीन विस्वा जमीन जल्द उपलब्ध करवाए, ताकि प्रभावित लोगों को राहत मिल सके। यह बात पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र गर्ग ने घुमारवीं में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। राजेंद्र गर्ग ने कहा कि प्रदेश में आई इस आपदा से बहुत से लोग अपनी जान गवा चुके हैं तथा हजारों लोगों का आशियाना खो चुके है। उन्होंने कहा की लोगों के घर एजमीन तथा दुकानें इस आपदा में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और इन लोगों के पास अब रहने के लिए ना तो घर बचे हैं और ना ही जमीन बची है। गर्ग ने कहा कि सरकार द्वारा आपदा पीड़ित लोगों को एक लाख रुपये



देने की घोषणा की गई थी। लेकिन उसे राशि को अब सरकार द्वारा पचास हजार रुपये कर दिया गया है। जो कि लोगों के साथ सरासर अन्याय है। उन्होंने कहा कि आपदा से प्रभावित लोग कई दिनों से राहत कैंप में रह रहे हैं। जहां मात्र दो कमरों में पचास से अधिक लोगों के रहने की व्यवस्था की गई है। ऐसे में इतनी कम जगह में इतनी संख्या में लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। जिससे प्रभावित लोग रिश्तेदारों के यहां आश्रय लेने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के साथ-साथ जिला बिलासपुर में भी लगभग सभी पंचायत में ऐसे कई लोग हैं। जो इस आपदा में अपना सब कुछ खो चुके हैं। लेकिन सरकार इन लोगों के लिए अभी तक कुछ नहीं कर पाई है। पूर्व मंत्री ने कहा कि ऐसी ही आपदा 2019 में जिला बिलासपुर के करायालग गांव में भी आई थी। उस समय भारी भूस्खलन के कारण सात घर पूरी तरह से जमीनदोज हो गए थे।

## न्यूज फ्लैश

### सिमरन चौधरी का नया ट्रैक आ ग्या नी लॉन्च, समकालीन संगीत और लोकगीत का एक मधुर मिलाप

**शिमला:** प्रसिद्ध गायिका गीतकार और वॉयस ऑफ पंजाब की विजेता सिमरन चौधरी अपने अगले ईपी फोकिन रानी के सिंगल आ ग्या नी के साथ संगीत की दुनिया में तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। लोकसंगीत और पॉप का यह मंत्रमुग्ध कर देने वाला मिश्रण संगीत की सीमाओं को फिर से परिभाषित करेगा और सिमरन के अद्वितीय संगीत.ज्ञान और रचनात्मक दृष्टि का प्रमाण देगा।आ ग्या नी समकालीन पॉप एलिमेंट्स के साथ समृद्ध लोककथाओं का एक मिश्रण है।चंडीगढ़ की रहने वाली सिमरन चौधरी यहाँ अपने हिंदुस्तानी शास्त्रीय प्रशिक्षण की एक झलक दिखाती हैं और प्रत्येक नोट को अपनी जोरदार और मधुर आवाज से सम्मोहित करती हैं।गीतकार राजा द्वारा लिखे गए गीत के बोल पंजाबी संस्कृति से जुड़े हैं जो श्रोताओं को बेहद पसंद आएंगे।प्रतिभाशाली संगीत निमार्ता एडन द्वारा संचालित ये आधुनिक प्रोडक्शन ट्रैक को एक स्फूर्ति से भर देता है। यह सिंगल सिमरन चौधरी और राजा के बीच के रचनात्मक तालमेल का सुमधुर परिणाम है। सिमरन चौधरी की कलात्मक प्रतिभा आ ग्या नी के हर नोट में स्पष्ट है और इसके लॉन्च पर उन्होंने बताया आ ग्या नी पारंपरिक लोक संगीत और समकालीन पॉप दोनों के प्रति मेरे जुनून और प्यार को दशार्ता है।मैं अपनी संस्कृति और आधुनिक संगीत को मिलाकर एक ताजा और अनोखी धुन बनाना चाहती थी जो दो अलग तरह के संगीत के बीच की खाई को पाट देगा और लोगों के जीवन में खुशी लाएगा। यह ट्रैक एक कलाकार के रूप में मेरी यात्रा का एक प्रमाण है और मैं आ ग्या नी को आप सबके सामने लाकर बेहद खुश हूं।आ ग्या नी सिमरन के बहुप्रतीक्षित ईपी फोकिन रानी के जादू की एक झलक है। अपने अंदाज में अलग अलग शैलियों को सहजता से मिश्रित करने की अपनी क्षमता के साथ वो संगीत की सीमाओं को और आगे बढ़ा रही है।

### 9 सितम्बर को जिला किन्नौर में होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल। जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण किन्नौर के सचिव ने गत दिवस जानकारी दी कि जिला किन्नौर में राष्ट्रीय लोक अदालत 09 सितम्बर, 2023 को आयोजित की जानी निश्चित की गई है। राष्ट्रीय लोक अदालत के समक्ष निम्न प्रकार के मामले प्रस्तुत किए जा सकते हैं, जिनमें धारा 138 के तहत एन.आई अधिनियम से संबंधित मामले, मनी-रिकवरी, श्रम विवाद, बिजली व पानी, भरण-पोषण व अन्य आपराधिक, कम्पाउन्डेंबल व दीवानी विवाद से संबंधित मामले शामिल हैं। उन्होंने जानकारी दी कि इसके अतिरिक्त न्यायलयों में लंबित मामले जिनमें क्रिमिनल कम्पाउन्डेंबल ऑफेन्स, धारा 138 के तहत एन.आई अधिनियम से संबंधित मामले, मनी-रिकवरी, वाहन दुर्घटना, श्रम विवाद, विद्युत व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद तलाक को छोडकर, भू-अधिग्रहण, सेवाओं से संबंधित तनख्वा व भत्ते, सेवानिवृति से संबंधित मामले, राजस्व मामले केवल जिला व उच्च न्यायलय में लंबित व अन्य दीवानी मामले किराया, सुखभोग अधिकार गुजारा भत्ता, हिदायत संबंधी, विशिष्ट प्रदर्शन सूटद्ध शामिल हैं। सचिव ने बताया कि अपने-अपने न्यायिक क्षेत्र के तहत जो कोई व्यक्ति भी उक्त मामलों का राष्ट्रीय लोक अदालत में समाधान करना चाहते हैं तो वह न्यायिक न्यायालय परिसर रामपुर बुशहर, न्यायिक न्यायालय परिसर रिकांग पिओ जिला किन्नौर, न्यायिक न्यायालय परिसर आनी जिला कुल्लू, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण रिकांग पिओ जिला किन्नौर के कार्यालय में अपने मामले की सुनवाई के लिए संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए 01786-223605 पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

### हीरा सिंह ने एट्रोसिटी एक्ट के तहत सीएम को भेजी शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। सिरमौर जिला** की ग्राम पंचायत शिवपुर में गांव अरट के निवासी हीरा सिंह ने सुरेश कुमार के विरुद्ध एट्रोसिटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करने की मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। बता दें कि हीरा सिंह अनुसूचित जाति परिवार से संबंध रखता है और प्राइमरी स्कूल अरट में बतौर कुक कम हेल्पर के पद पर कार्यरत है। इनका आरोप है कि एसएमसी की मिटिंग में वह एफिडेविट और एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करवाने गए थे जिस पर एसएमसी अध्यक्ष सुरेश कुमार द्वारा हस्ताक्षर करने से मना कर दिया।

# ट्राले व कार के बीच हुई टक्कर में एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**जिला सिरमौर** के उपमंडल पांवटा साहिब में एक दर्दनाक हादसा पेश आया है, यहां ट्राले व कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ट्राले के परिचालक की जान चली गई है। इसके अलावा कार सवार 4 लोग जख्मी हुए है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है।

वहीं पुलिस भी मामले की जाँच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, बहरहाल बैरियर पर ट्राले की अचानक ही ब्रेक फेल हो गई। ब्रेक फेल होने से चालक अपना संतुलन खो बैठा जिस कारण ट्राले की एक कार



से जोरदार भिड़ंत हो गई। वहीं घटना के बाद ट्राला चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में कार सवार सभी घायलों को पावंटा साहिब अस्पताल पहुँचाया गया है।

अब उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। वहीं सुचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जाँच में जुट गई है।

# डुमैहर में निर्माणाधीन गेट गिरने से बच्चे की मौके पर हुई मौत

## प्रशासन ने मौके पर दी फौरी राहत के रूप में 25 हजार की राशि

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**मशोबरा ब्लॉक** की ग्राम पंचायत पीरन के डुमैहर में निर्माणाधीन गेट गिरने से एक दर्दनाक हादसा पेश आया है। जिसमें गेट के साथ खेल रहे पांच वर्षीय हर्षित शर्मा सपुत्र. नरायण दत शर्मा की मौके पर मौत हो गई है। नायब तहसीलदार जुन्गा रविन्द्र सिसोदिया ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की तथा प्रशासन की ओर से 25 हजार की राशि फौरी राहत के रूप में मृतक के परिजनों को प्रदान की गई। मौके का जायजा लेने पहूंचे पटवारी पीरन विजय ठाकुर ने बताया



कि यह हादसा 22 अगस्त को दोपहर बाद करीब चार बजे पेश आया है, जब हर्षित के पिता नरायण दत अपने घर के समीप शशिबाला के निमार्णाधीन मकान की छत का कार्य कर रहे थे। इस दौरान इनके दोनों बच्चे घर के आंगन में खेल रहे थे। अचानक निमार्णाधीन गेट की ईटें गिरने से लोहे का गिर गया जिससे हर्षित के सिर पर गहरी चोट आ गई। हादसा के तुरंत बाद हर्षित को सिविल अस्पताल चायल ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों द्वारा बच्चे को मृत घोषित किया गया। इस मौके पर स्थानीय प्रधान किरण शर्मा, सुनील वर्मा सहित अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे। ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह, कसुपंटी कांग्रेस मंडल अध्यक्ष रामकृष्ण शांडिल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अतर सिंह ठाकुर, मंडल कांग्रेस उपाध्यक्ष दयाराम वर्मा, प्रीतम ठाकुर सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने हादसे पर गहरा शोक प्रकट किया है और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की है। मंत्री ने प्रभावित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

# 13 वर्षीय नाबालिग लडकी गर्भवती, आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**जिला सिरमौर** के उपमंडल राजगढ़ में एक 13 वर्षीय नाबालिग लडकी के गर्भवती होने का मामला सामने आया है। बड़ी बात तो यह है कि इस वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी और कोई नहीं बल्कि पीड़िता का रिश्तेदार ही है, जिसकी उम्र करीब 20 साल है। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही आरोपी के खिलाफ महिला पुलिस थाना नाहन में केस दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, किसी अज्ञात शख्स ने चाइल्ड




लाइन को इस बारे में गुप्त सूचना दी। जिसके बाद चाइल्डलाइन की टीम ने राजगढ़ पुलिस को इस बाबत सूचित किया। टीम द्वारा मामले में बच्ची के माता.पिता से बात की गई। माता-पिता ने टीम को बताया कि हमारी बेटी 4 से 6 महीने की गर्भवती है। जिसके बाद तुरंत ही महिला आरक्षी व सुपरवाइजर द्वारा बच्ची की काउंसलिंग की गई। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है।

# बिजली बोर्ड के विशाल ने पीजीआई में तोड़ा दम

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ। जिला सिरमौर** के मुख्यालय नाहन में करंट की चपेट में आने से घायल हुए 26 वर्षीय बिजली बोर्ड के टीमेट विशाल कुमार ने पीजीआई चंडीगढ़ में आखरी सांसे ली। वहीं विशाल की मौत से उसके परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बता दें शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया। विशाल जिला चंबा का रहने वाला है। गौरतलब है कि 15 अगस्त को विशाल चीड़ावाली क्षेत्र की कॉलोनी में खंभे पर बिजली की तारों की मरम्मत कर रहा था। इसी दौरान उसे हाई वोल्टेज करंट लगा।

# आपदा में लगातार हिमाचल हितों की पैरवी कर रहे केंद्रीय मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**केंद्रीय मंत्री** एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश में आई हुई आपदा की इस घड़ी में लगातार जनता के प्रति अपनी कर्तव्य निष्ठा को निभा रहे हैं। साथ ही केंद्रीय स्तर पर भी हिमाचल के हितों की पैरवी कर रहे हैं। यह बात जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा एवं महामंत्री अभयवीर सिंह लवली ने बुधवार को यहां जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में कही। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में बरसाती आफत अपना कहर बरपा रही है, तब से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कई स्थानों में सडक मार्ग क्षतिग्रस्त हो चुके हैं एवं कई स्थानों पर तो सडकें आवागमन के लिए बिल्कुल बंद हैं। इसी बीच प्रशासनिक अधिकारी भी अपनी भूमिका को बाखूबी निभाते हुए युद्धस्तर पर राहत कार्य में जुटे हुए हैं। वहीं, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर हिमाचल पर लगातार फोक्स बनाए हुए हैं एवं आपदा के समय में लगातार प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं।इस दौरान अनुराग ठाकुर आम जनता से रूबरू होकर उनका दुख दर्द सांझा कर रहे हैं। साथ ही वास्तव स्थिति का भी जायजा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री हिमाचल के हितों की पैरवी भी लगातार करते आए हैं एवं आपदा की इस घड़ी में भी वे अपनी भूमिका बाखूबी निभा रहे हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री सहित मोदी सरकार से आग्रह किया है कि हिमाचल में आई हुई इस आपदा से निपटने के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाए। गौर है कि हिमाचल प्रदेश को केंद्र सरकार ने अब तक 862 करोड़ रुपए की फौरी राहत प्रदान की है। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि



अनुराग ठाकुर दिन–रात अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों से मिलने पहुंच रहे हैं, जबकि कुछ छुटभैया कांग्रेस नेता अपने विधायकों और सरकार को बचाने के चक्कर में हैं। कुछ कांग्रेस के लोग मीडिया में बने रहने के लिए अपने विधायक को प्रोटेक्ट कर रहे हैं और अपनी ही सरकार के मुख्यमंत्री पर भी टीका टिप्पणी कर रहे हैं, वह लोग भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को कोसने की बजाय जनता को राहत प्रदान करने बारे ध्यान दें। यह समय एक दूसरे के ऊपर टीका टिप्पणी का नहीं है, बल्कि एक दूसरे के साथ खड़े होकर देश की जनता को राहत पहुंचाने का है। लोगों के ऊपर विपदा खड़ी है और कांग्रेस राजनीति में लगी है, जबकि प्रदेश में उनकी सरकार है और उनके विधायक लोगों को राहत पहुंचाने में असमर्थ हो रहे हैं। मुख्यमंत्री का गृह जिला होने का भी लाभ मिलता नजर नहीं आ रहा। अनुराग ठाकुर ने अपने दौरों के दौरान प्रभावित लोगों से रूबरू होकर उन्हें फौरन राहत उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने आम जनता से आग्रह किया है कि वह आपदा के इस समय में बहुत आवश्यक होने पर ही घरों से बाहर निकलें एवं सुरक्षित स्थानों पर ही रहें।

# चिराग शर्मा ने संगडाह खंड विकास अधिकारी का कार्यभार संभाला

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**उपमंडल संगडाह** मुख्यालय पर स्थित विकास खंड कार्यालय में पिछले लंबे समय से रिक्त चल रहे खंड विकास अधिकारी के पद पर एचपीएस चिराग शर्मा ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके उपरांत उन्होंने अपने सभी कर्मचारी के साथ परिचय एवं समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विकासखंड के अंतर्गत लंबित पड़े कार्यों एवं गत दिनों क्षेत्र में हुई भारी बरसात से हुए नुकसान पर भी चर्चा की। चिरागों शर्मा से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि वह 2022 बैच की




परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त गत माह प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद सहायक आयुक्त विकास एवं खंड विकास अधिकारी संगड़ाह के पद पर उनकी यह पहली नियुक्ति है। उन्होंने बताया कि वह अभी प्रोबेशनल पीरियड पर कार्य कर रहे हैं। ओर बातचीत में उन्होंने बताया कि वह मंडी जिला के जोगिंदर नगर के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया के इससे पूर्व वह 3 वर्षों तक बतौर आबकारी निरीक्षक के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। इस पद पर तैनात होने के उपरांत उनका लक्ष्य रहेगा की सर्वप्रथम विकासखंड के अंतर्गत चल रहे लंबित कार्यों को पूरा किया जाएगा इसके साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाएं आम जनता तक पहुंचाना एवं दूरदराज क्षेत्र से आने वाले लोगों के कार्य प्राथमिकता के आधार पर निपटाना रहेगा।

पंचायत प्रधानों, रविन्द्र मोदी एवं स्थानीय जनता ने लंबे समय से इस पद के रिक्त रहने के उपरांत खंड विकास अधिकारी की नियुक्ति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है।

# सराज की ग्राम पंचायत अणाह में भूस्खलन से एक शख्स की दर्दनाक मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ गोहर/ सुभाग सचदेवा**

**हिमाचल प्रदेश** में जहां बरसात थमने का नाम नहीं ले रही वहीं पर भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं भी लगातार बढ़ती जा रही है ।आज हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी के विधानसभा सराज की ग्राम पंचायत अणाह के झौंट गांव में भूस्खलन के चलते एक चार कमरों का मकान जमींदोज हो गया जिसमें 42 वर्षीय तेज सिंह पुत्र लोहारू राम की मलबे में दबने से मौत हो गई। प्रधान ग्राम पंचायत अणाह तारा चंद व अन्य प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया यह घटना सुबह लगभग 9:30 बजे हुई जब अत्यधिक बारिश के कारण



भूस्खलन हो रहा था घर के अन्य सदस्य निकल गए यह शख्स पशुधन को निकालने के लिए घर के अंदर गया पीछे से अचानक लैंडलाइन हुआ और मलवे में यह शख्स जिसका नाम तेज सिंह पुत्र लोहारू राम की दबाकर मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं पर एक अन्य घटना में ग्राम पंचायत शुक्ला में भी बादल फटने की घटना सामने आई है जिसमें कुकल्हा का एक स्कूल सहित कुछ मकान भूस्खलन की स्पीड में आ गए हैं जिसमें एक 20 वर्षीय नवयुवक नोख सिंह पुत्र जयचंद जो कि घर की गौशाला में बंधी भेड़ों को बाहर निकालने के लिए गया और लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इन दो दुखद घटनाओं से पूरा सराज क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है ।वहीं पर कार्यकारी एसडीम गोहर मित्र देव ने बताया कुक्लाह में जहां पर एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है वहीं पर एक शख्स गंभीर रूप से घायल हुआ है एनडीआरएफ की टीम वहां पर पहुंच चुकी है और बचाव कार्य जारी है।वहीं पर ग्राम पंचायत अणाह की में भी स्थानीय लोग बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। प्रशासनिक अधिकारी भी वहां पहुंच रहे हैं मगर रास्ते बंद होने की वजह से कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने लोगों को आगाह किया गया है बरसात में अपने आप को सुरक्षित रखें जहां पर लगता है यह क्षेत्र भूस्खलन की चपेट में आ सकता है या कहीं पर घर में दरारें पड़ी है तो कृपया उन घरों को खाली कर दें और सुरक्षित जगह पर अपने आप को ले जाया जाए। स्थानीय लोग प्रशासन को इसकी जानकारी दें ताकि प्रशासन हर प्रकार से संभव मदद कर सके।

# उप स्वास्थ्य केंद्र में ताला, लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**नेहर स्वार पंचायत** के अंतर्गत आने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र में अक्सर ताला लगा रहता है जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बता दें यहां पर कोई भी स्थाई कर्मचारी नियुक्त नहीं है। जानकारी अनुसार, जब महीने में एक बार टीकाकरण होता है तभी स्वास्थ्य वर्कर दिखाई देते हैं और पूरे महीने बंद रहता है यहां तक कि आशा वर्कर भी को भी नहीं देखा जाता।अगर लोगों को पेरासिटामोल या कोई चोट आदि लग जाए तो 9 किलोमीटर पीएससी बागथन या 9 किलोमीटर पराड़ा जाना पड़ता है। लोगों ने बताया कि उन्होंने कई बार विभाग



को अवगत कराया परंतु इसका कोई समाधान नहीं हुआ।लोग दूर-दूर से उप स्वास्थ्य केंद्र आते हैं लेकिन खाली हाथ वापिस जाना पड़ता है। लोगों ने विभाग से निवेदन किया है कि यहां पर स्वास्थ्य वर्कर की नियुक्ति की जाए और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को भी यहां पर रखा जाए जिससे कम से कम उप स्वास्थ्य केंद्र का दरवाजा तो खुला देखने को मिलेगा।जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय पाठक से इस बारे बात हुई तो उन्होंने कहा कि वह जानकारी प्राप्त करें गे और जल्दी ही वहां स्टाफ को भेजें गे ताकि वहां के लोगों की समस्या को दूर किया जा सके।

# वंचित वर्गों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा: डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**



**सामाजिक न्याय** एवं अधिकारिता मंत्री डॉ.(कर्नल) धनी राम शांडिल ने गत दिवस अनुसूचित जातिए अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और विशेष रूप से सक्षम लोगों के सशक्तिकरण ईएसओएमएसए के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के वंचित वर्गों को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। विभाग द्वारा इन वर्गों के सामाजिक और आर्थिक सुधार के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि जिला शिमला के रझाणा में हिमाचल प्रदेश कोली समाज सामुदायिक केन्द्र का निर्माण किया जाएगा। इस केन्द्र के निर्मित होने से प्रदेश के सभी वर्गों के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने अधिकारियों से इस संबंध में एफसीए मामले के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सम्बद्ध विभागों के अधिकारियों को परियोजना निर्माण क्षेत्र का सर्वेक्षण कर शीघ्र रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक केन्द्र के निर्माण की निष्पादन एजेंसी हिमुडा को विभाग द्वारा 30 लाख रुपये हस्तांतरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के मापदण्डों को ध्यान में रखते हुए इस सामुदायिक केन्द्र का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा वृद्धावस्था पैंशन योजना, अपंग राहत भत्ता, विधवा पैंशन तथा कुष्ठ रोगी पुनर्वास भत्ता जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उनके कौशल का उन्नयन कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। बैठक में निदेशक ईएसओएमएसए प्रदीप कुमार ठाकुर सहित वन, जल शक्ति विभाग, हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड, हिमुडा सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# पटौला-खाटल व मरौड़ गाँवों का हो भू-सर्वेक्षण-शौरी

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**



**इस बर्ष की बरसात** पूरे प्रदेश में कहर बन कर बरपी है। बरसात का दौर अभी भी जारी है व बरसात से नुकसान के भयावह मामले हर रोज सामने आ रहे हैं। बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने मंगलवार को पलदी घाटी की थाटीबीड़ व गोपालपुर पंचायतों का दौरा किया। यहाँ विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन से घरों, मकानों व जमीन का नुकसान झेल रहे लोगों से मुलाकात कर उनकी व्यथा साझा की। इस दौरान विधायक ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ पंचायत में हुए राहत व बचाव कार्यों की भी समीक्षा की। घाटी के मरौड़ व पटौला-खाटल गाँवों में जमीन का एक बहुत बड़ा भू-भाग दरक रहा है जिस कारण दर्जन मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं व इतने ही मकानों को खतरा पैदा हो गया है। विधायक शौरी ने कहा है कि पलदी घाटी को आने वाली मुख्य सडक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसे बड़े वाहनों के योग्य बनाने के विभाग को निर्देश किये गए हैं।

इसके साथ ही पलदी घाटी के इन दरक रहे गाँवों में भू-सर्वेक्षण कराने की बात सरकार के समक्ष उठाई जाएगी, ताकि समय रहते बचाव के लिए अतिरिक्त उयाय किए जा सकें व भावी नुकसान को कम किया जा सके। इस दौरान थाटीबीड़ पंचायत प्रधान दीवान वर्मा, उपप्रधान प्रेम सिंह, गोपालपुर पंचायत उपप्रधान गोविंद ठाकुर, पूर्व प्रधान राज कुमार, हरि सिंह, दूनी चंद व तुलसी राम आदि ग्रामीण साथ मौजूद रहे।

# 'एचआरटीसी अग्निहोत्री के आदेशों पर कार्गो सामान ले जाने वाली की सेवा में परिवर्तित होने जा रही'

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन मनीष**



**हिमाचल** पथ परिवहन निगम अब प्रदेश के मंत्री मुकेश अग्निहोत्री के आदेशों पर कार्गो सामान ले जाने वाली की सेवा में परिवर्तित होने जा रही है। गत आए आदेशों के अनुसार अब आप उसमें व्यवसायिक व घर का सामान भी ले जा सकते हैं व भेज भी सकते हैं जिसका वजन के आधार पर टिकट लगेगा। यह निर्णय मंत्री जी के स्वभाव के अनुसार बिना सोचे समझे लिया गया है। वर्तमान में 98 प्रतिशत समान की आवगमन प्राइवेट बस चालकों के माध्यम से प्रदेश में होता है। उसको मध्य नजर रखते हुए प्रतिस्पर्धा की दौड़ में लिया गया यह निर्णय कितना विचारशील है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चालक व परिचालक को वजन के आधार पर टिकट काटना होगा व बिना टिकट सामान पर या गलत पाए जाने पर उन्हें दंडित भी किया जाएगा। अभी तक समाज जिन्हें उस्ताद जी कहकर पुकारते थे मंत्री महोदय ने उन्हें पदोन्नति कर अब लाल जी बना दिया है क्योंकि उन्हें टिकट से पूर्व वजन भी करना होगा। वर्तमान में घाटे में चल रहे प्राइवेट चालकों को एक और प्रतिस्पर्धा में जाना होगा। घाटे से एचआरटीसी को उभरने में लिए जा रहे निर्णय कितने तर्कसंगत हैं। विवेक शर्मा ने कहा भ्रष्टाचार सचिवालय और बड़े अधिकारियों के कार्यालय में होता है इसका उत्तरदाई चालक व परिचालकों को तय किया जा रहा है। क्या 50 प्रतिशत की छूट पर सफर करने वाली महिलाओं के साथ जो सामान लेकर व सफर करेंगी उस पर सरकार ने क्या मापदंड तय किए हैं इसका कोई स्पष्टीकरण नहीं है। रेट लिस्ट के अनुसार 20 किलो सब्जियाएं सामान पर आधा टिकट लगेगा कंप्यूटर या लैपटॉप पर एक टिकट लगेगा घर के लिए सिलाई मशीन पर आधा टिकट लगेगा। केवल शहरों के साथ लगते छोटे ग्रामीण क्षेत्र के लोग, एचआरटीसी की सुविधाओं का लाभ मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने के लिए लेते हैं। जो दूध,फल सब्जी या फूल या पशुओं के लिए चारा आदि ले जाने के लिए एचटीसी के साधनों का उपयोग करते हैं आखिर उनके ऊपर यह बोझ डालना कितना तर्कसंगत है यह स्वयं मुख्यमंत्री को विचार करना चाहिए। एक और प्रदेश सरकार गारंटी में गोबर खरीद व प्रतिदिन 10 किलो दूध खरीदने के दावे करती थी आज 15 किलो वजन, दो लैपटॉप, अटैची या कोई घर का सामान ले जाने पर भी टिकट लगा रही है। एक डाक सेवा विभाग को छोड़ दिया जाए तो लगभग एचआटीसी का उपयोग केवल सवारियों को ले जाने से अधिक नहीं है।जहां लोगों को सुविधा के नाम पर आकर्षित करने की बजाय उसका दुरुपयोग हो रहा है। जिसकी भारतीय जनता पार्टी निंदा करती है। आम जनसाधारण को दिए जाने वाली सुविधाएं व्यावसायिक नहीं होनी चाहिए। विवेक शर्मा ने पूछा क्या वर्तमान मंत्री महोदय हिमाचल पथ परिवहन निगम को कोरियर सर्विस, कार्गो सर्विस या ट्रांसपोर्ट बनाना चाहते हैं। अलमारी, सोफा, टेबल कुर्सियां बस के भीतर रख के टिकट काटना चाहते हैं। तो सवारियों को कहां बिठाना चाहते हैं। या नई मोटर व्हीकल एक्ट में कोई परिवर्तन करना चाहते हैं। जहां प्रदेश सरकार नई बसों को खरीद रही है उनके ऊपर तो कैरियर भी नहीं है। क्या इसे अधिकारीयों की चाटुकारिता की चरम सीमा समझे। या मंत्री जी की गति बस की गति से अधिक हो गई है। इसको लेकर प्रदेश की जनता व विभाग के कर्मचारियों को उन्हें स्पष्ट करना चाहिए। सरकार का यह निर्णय जहां पर पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों का मनोबल गिराएगा वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन विवाद उत्पन्न होंगे व जनता को असुविधा उत्पन्न होगी। वह प्रदेश में प्राइवेट ऑपरेटर जो पहले ही घाटे में चल रहे हैं वह और परेशानी में जाएंगे ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधा चरमरा जाएंगी। सरकार की गलत नीतियों में एक और इजाफा होगा उसके पश्चात भी यह सुख की सरकार है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**



**उपायुक्त कुल्लू** की अध्यक्षता में गत दिवस जिला रेड क्रॉस सोसाइटी प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गत बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बैठक में लिए गये निर्णय को अमलीजामा पहनाने के निर्देश दिये। ताकि पात्र लाभान्वित हो सके।

उपायुक्त ने बताया कि इरका भुंतर में नई ओपीडी भवन निमार्ण के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है जिसके लिए दो मंजिला भवन बनाने का प्राक्कलन बनाया गया है जिसमें एक रिक्रिएशनल गतिविधि हॉल का भी निर्माण किया जाएगा साथ ही नए रेडक्रॉस भवन निमार्ण के भी टेंडर हो गए हैं, उक्त दोनों भवनों के निर्माण का कार्य शीघ्र ही आरम्भ किया जाएगा। बैठक में में वर्ष 2023-24 की अंकेक्षित बैलेंस शीट तथा वार्षिक रिपोर्ट को भी मंजूरी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त विभिन्न रोगियों को समय समय ऑपरेशन के लिए प्रदान की गई 1.70 लाख रुपए की सहायता राशी को भी मंजूरी दी गई। इसके अतिरिक्त बाढ़ में हाल में ही आई आपदा से राहत स्वरूप विभिन्न कार्यों के लिए प्रदान की गई 72 लाख 75 हजार रुपए की राशि को भी मंजूरी प्रदान की गई। उपायुक्त ने बताया कि आपदा के दौरान प्रभावित लोगों को तुरंत राहत के रूप में जिला रेडक्रॉस द्वारा 3601 तिरपाल, 50 गद्दे, 300 पानी की बोतलें प्रदान की गई थीं। इसके अतिरिक्त राज्य रेड क्रॉस की ओर से भी तिरपाल, कम्बल, बाल्टियां, किचन सेट, हाइजीन किट, फैमिली टेंट इत्यादि वितरित किए गए। उपायुक्त ने बताया कि अभी तक विभिन्न गैर सरकारी संगठनों सहित रेड क्रॉस के माध्यम से कुल 10 हजार तिरपाल वितरित किए गए हैं। इन्होंने कहा कि भविष्य में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का विस्तार किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

इसके अतिरिक्त विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य जांच एवं दिव्यांग शिविर आयोजित किए जाएंगे। बैठक में गैर सरकारी सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि स्वास्थ्य जांच शिविर जिले के विभिन्न हिस्सों में भी लगाई जाए ताकि स्थानीय लोग विशेषकर वरिष्ठ नागरिक इससे लाभान्वित हो सके। बैठक की कार्रवाई का संचालन सहायक आयुक्त शशिपाल नेगी ने किया। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नागराज पवार, जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव वीके मोदगिल, मेडिकल अधीक्षक नरेश चारु, जिला कार्यक्रम अधिकारी पद्म शर्मा, गैर सरकारी सदस्य शालीनी नेगी, वेद राम ठाकुर व अन्य उपस्थित थे।

# भारी वर्षा से जुन्गा क्षेत्र की बंद सड़कों को खोलने का कार्य युद्धस्तर पर

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**



**लोक निर्माण** विभाग उप मंडल जुन्गा के अंतर्गत आने वाली अनेक सडकें भारी वर्षा और भूस्खलन के कारण अवरूद्ध हो गई है। जिन्हें खोलने के लिए विभाग द्वारा युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। बता दें कि बीती रात भारी वर्षा होने से जुन्गा-शिमला रोड़ चाखड़ा के समीप अवरूद्ध हो गया है। इसी प्रकार जुन्गा साधुपुल रोड़ कून नाला में और जनेडघाट रोड़ मुडाघाट के समीप भूस्खलन के कारण बंद हो गया है। हालांकि जुन्गा-छलंडा रोड भड़ेच के समीप बंद हो गया था जिसे विभाग द्वारा जेसीबी लगाकर वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया है। इसी प्रकार छलंडा पीरन सडक भी कई स्थानों पर लहासे गिरने से अवरूद्ध हो गया था जिसे विभाग द्वारा खोल दिया गया है। बता दें कि जुन्गा साधुपुल रोड़ कून नाले के पास बीते दो मास के दौरान भूस्खलन से बाद बार बंद हो रहा है। इस नाले में लगातार भूस्खलन होने से विभाग को खोलने के लिए काफी मुश्क्त करनी पड़ रही है।

# काली माता मंदिर भनौता मे जागरण का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**काली माता** मंदिर बनोटा में बीते रोज जागरण का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि डलहौजी के विधायक डी एस ठाकुर ने शिरकत की। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी दर्शन शर्मा व कमेटी के सदस्यों ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। गौरतलब है कि यह जागरण 58 वां जागरण है। इसमें कार्यक्रम में प्रदेश के मशहूर गायक ईशांत भारद्वाज ने माता की एक से बढकर एक भेंटों का गुणगान किया। सबसे पहले गणेश वंदना, निक्की जी गोजरी, चलो बुलावा आया है, प्यारी लगदी ओ मुझे कांगड़े वाली माता, तूने मुझे बुलाया शेरा वालिए, मेरे भोले चले कैलाश, मुरली बजाई मेरे कान्हा, ओ मन मोणया बालक नाथ, पांच सात गोजरी दुध बेचण चली, दातिऐ भूल मत जादी मेरा प्यार, पहाड़ों वालिऐ शेरा वालिए, मेला मेला मेरी मैया दा आया मेला, नंगे नंगे पांव चल आ गया मां तेरा पुजारी, इस जीभा जो लग जाए ताला की राम राम नी बोलदी, अंबे मां ओ जगदंबे मां, लाई-लाई-लाई बाबा ने फुला दी बरखा लाई, दुर्गा है मेरी मां अंबे है मेरी मां, ऊंचे ऊंचे भवनों में तेरी होती जय-जय कार, बिंद्रा बणा वो तेरी गुजरिओ, कान्हा जी ने मुरली बजाई आदि की माता की भेंटे गाकर पंडाल में बैठे भक्तों को नाचने में मजबूर कर दिया। सोजन्य काली माता मंदिर भनौता पुजारी, दर्शन शर्मा व राज कुमार शर्मा प्रधान सुरेश, महाजन, उपप्रधान पबन शर्मा महा सचिव, लाकेश सूरी मुख्य सलाहकार, नारायण शर्मा बिट्ठू प्रेस सचिव, राजेंद्र ठाकुर सदस्य, विरेंद्र शर्मा, वेदव्यास, शरत शर्मा, चौधरी रमेश, प्रेम महाजन, कपिल सूद, अवनीश शर्मा, मनीष शर्मा, राकेश कुमार, मनोज कुमार, सभी सदस्य व सभी भक्तजन उपस्थित रहे। इस मंदिर में जो भी भक्त मनोकामना लेकर आता है उसकी हर में मुराद पूरी होती है।

# पीएम स्वनिधि में बिना किसी गारंटी के 10 हजार कार्यशील पूंजी ऋण

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**मंडी के टाउन** हाल में मंगलवार को आयोजित कार्यशाला में स्ट्रीट वेंडर्स को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि पीएम स्वनिधि योजना की जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में 75 स्ट्रीट वेंडर्स ने भाग लिया। अग्रणी जिला अधिकारी मंडी संजय कुमार ने पीएम स्वनिधि स्कीम के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा डिजिटल ट्रांसक्शन से मिलने वाले फायदों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि 01 जून, 2020 को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि पीएम स्वनिधि योजना शुरू की। इस योजना का उद्देश्य स्ट्रीट वेंडरों को कोविड-19 महामारी में बुरी तरह प्रभावित हो चुके उनके व्यवसायों को फिर से शुरू करने के लिए बिना किसी गारंटी के कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा प्रदान करना है। इसके अंतर्गत एक वर्ष की अवधि के लिए बिना किसी गारंटी के 10,000 रुपये तक की कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा प्रदान की जाती है। समय पर इस ऋण का पुनर्भुगतान करने पर 20,000 रुपये ऋण की दूसरी और 50,000 रुपए ऋण की किश्त की सुविधा प्रदान की जाती है।

# उपायुक्त ने स्वयं मौके पर जाकर अवरुद्ध मार्गों को खुलवाया

## शिमला शहर में भारी बारिश से हुए नुकसान का लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**



**उपायुक्त शिमला** आदित्य नेगी ने गत दिवस शिमला शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्वयं मौके पर जाकर अवरुद्ध मार्गों को खुलवाया और राहत कार्यों का निरीक्षण किया। आदित्य नेगी ने शिमला शहर के कनलोग, बीसीएस एवं अन्य क्षेत्रों में हुए भारी बारिश से भूस्खलन का जायजा लिया तथा अधिकारियों को सडकों को जल्द बहाल करने के निर्देश दिए ताकि लोगों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके। उपायुक्त ने बताया कि भारी बारिश एवं आपदा की इस घड़ी में जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और हर छोटी बड़ी घटना पर तुरंत कार्यवाई की जा रही ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि भारी बारिश की चेतावनी के चलते वह अति आवशयक होने पर ही घरों से बाहर आएं। इसके अतिरिक्त किसी भी आपदा की स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क करें। इस अवसर पर उपमंडल दण्डाधिकारी शिमला शहरी भानु गुप्ता, तहसीलदार एच.एल गेजटा, लोक निर्माण विभाग एवं नगर निगम शिमला के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने महिला व्यसनियों के लिए स्थापित एकीकृत पुर्नवास केन्द्र की बैठक की अध्यक्षता की

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**



**जिला रेडक्रॉस** सोसायटी द्वारा महिला व्यसनियों के लिए स्थापित एकीकृत पुर्नवास केन्द्र की बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने की। उपायुक्त ने बैठक में लिए गये निर्णय को अमलीजामा पहनाने के निर्देश दिये ताकि अधिकाधिक लोग लाभान्वित हो सके। उपायुक्त ने कहा कि इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य मादक द्रव्यों के दुष्परिणामों के बारे जनमानस में जागरूकता करना है ताकि उन्हे शराब तथा अन्य मादक द्रव्यों से होने वाले स्वास्थ्य पर दुष्परिणामों से बचाया जा सके। ऐसी महिलाएं जो नशे की आदी हो चुकी है उनकी पहचान कर के नशा मुक्ति के इलाज के लिए प्रेरित कर उन्हें इलाज उपरान्त पुर्नवसित करना है। इसके लिए उन्होंने केन्द्र के कार्यों तथा सफलता से संबंधित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्य द्वार पर शीघ्र ही गुमटी का निमार्ण किया जाएगा उपायुक्त ने सूचना शिक्षा एवं संचार गतिविधियों को बढ़ाने पर भी जोर दिया तथा अधिकाधिक जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि केंद्र में सुरक्षा कर्मी तथा सफाई कर्मी की नियुक्ति के लिए मामला सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नागराज पवार, जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव वीके मोदगिल, मेडिकल अधीक्षक नरेश चंद चारुए उपस्थित थे। इसके उपरांत उन्होंने डीडीआरसी की जिला प्रबंधन टीम की बैठक की भी अध्यक्षता की उन्होने निर्देश दिए कि डाइट तथा जिला टीम दोनों आपसी समन्वय के साथ मिलकर दिव्यांगता शिविरों का आयोजन करें। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नागराज पवार, जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव वीके मोदगिल, मेडिकल अधीक्षक नरेश चंद, उपस्थित थे।

# मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा चेतावनी के दृष्टिगत नागरिक बरतें सावधानियां : सुमित खिमटा

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**उपायुक्त एवं अध्यक्ष** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान केंद्र, शिमला द्वारा जारी मौसम पूवार्नुमान के अनुसार हिमाचल प्रदेश में अगले 3 दिनों विशेषकर 22 अगस्त से 24 अगस्त 2023 के दौरान ऑरेंज अलर्ट और अगले 2 दिन यानि 25 अगस्त और 26 अगस्त 2023 के दौरान येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान भारी से बहुत भारी वर्षा के साथ आंधी और बिजली गिरने की आशंका है। उन्होंने कहा कि मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा जारी चेतावनी के मद्देनजर सभी नागरिकों को परामर्श दिया जाता है कि, नदी-नालों खासकर उफनते हुए नदी नालों को पार ना करें क्योंकि बारिश के कारण सभी नदी नालों में पानी का बहाव तेज हो जाता है जिससे जान को खतरा हो सकता है।

इसके अतिरिक्त भारी बारिश से गिरी नदी, यमुना, नदी, टोंस नदी, जलाल नदी, मारकंडा नदी एवं अन्य खंडों एवं नालों में पानी का जलस्तर भी बढ़ जाता है। इसलिए आम जनमानस को सूचित किया गया है कि इन नदी नालों के पास ना जाएं और पहाड़ी क्षेत्रों से दूरी बनाए रखें और बिना किसी कारण ऐसे क्षेत्रों के समीप जाने से परहेज करें व किसी प्रकार का जोखिम न उठाएं। सुमित खिमटा ने सभी ग्राम पंचायत प्रधानों, गैर सरकारी संगठनों एवं नागरिकों से अनुरोध किया है कि सभी मिलकर भारी बारिश सम्बन्धी चेतावनी संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा की घटना की स्थिति में तत्काल प्रभाव से जिला आपदा प्रबंधन संचालन केंद्र सिरमौर स्थित नाहन के दूरभाष नंबर 70187-09700, 01702-226405 के अलावा टॉल फ्री नम्बनर 1077 नंबर पर सूचना दी जा सकती है।

# कांगडा के रैहन मे दारु से भरी गाड़ी पकड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/ कांगड़ा/ विजय समयाल**

**जिला पुलिस** नूरपुर द्धारा वुधवार सुबहा देसी दारू से भरी एक बलैरो गाडी को पकडने मे साफलता हासिल की है। मामला पुलिस थाना नूरपुर के अधीन पड़ती पुलिस चौंकी रैहन का है। बुधवार सुबहा डिएसपी विशाल शर्मा को को सुचना मिली एसूचना मिलते ही डिएसपी विशाल वर्मा अपनी टीम को लेकर मौका बारदात पर पंहुच गये और देसी शराब से भरी बैलैरो को कब्जे मे लेकर कार्यवाही शुरू कर दी शराब से भरी गाडी को रैहन पुलिस चौंकी लाया गया जंहा पर पुलिस ने कार्यबाही करते हुए गाडी मे लदी 35 पेटियो मे 385 बोतले बरामद की। डिएसपी विशाल ने जानकारी देते हुए बताया की पुलिस ने गाडी एच पी 88 ए 0420 सहित देसी शराब ब्रांड



संतरा की 35 पेटियो मे 385 बोतले अपने कब्जे मे लेकर अरोपी विशाल पुत्र करतार सिंह गांव हाडा तहसील फतेहपुर के खिलाफ अभियोग अधीन दारा 39(1)। अवाकारी अधिनियम के अधीन पंजीकृत किया गया है नियमो अनुसार अगामी कार्यबाही अमल मे लाई जा रही है। वही एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया की नशे के खिलाफ चलाए गये अभियान के तहत पुलिस को गुप्त सुचना मिली थी की अबैध शराव से भरी गाड़ी गुजरने बाली है जिस पर कार्यबाही करते हुए अरोपी को शराव व गाडी सहित पकड़ कर अगामी कार्यबाही शुरू कर दी है। गाडी का नम्बर भी 420 ए और गाडी पर लिखा भी बलैकिया। वना चर्चा का विषय। बही इस मामले पर एक अलग बात चर्चा मे आई है जंहा एक तरफ गाड़ी का नम्बर 420 है तो बही गाडी के पिछे भी बड़े-बड़े शव्दो मे इंग्लिश मे लिखा है बलैकिया।

जो लोगो मे आज चर्चा का विषय बन गया है कि काम भी बलैक का और एसे कामो को अन्जाम देने बाले एसे गाडि?ों का इस्तेमाल कर रहे है जिस पर पहले से ही बलैकिया लिखा गया हो और गाड़ी का नम्बर भी एसे कार्य करने का संदेश देता है।

# इंडस ने सिखाए छात्रों की रचनात्मकता कक्षा सजावट प्रतियोगिता के गुर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/ राजन पुरी**

**इंडस इंटरनेशनल** यूनिवर्सिटी बाथू ने रचनात्मकता और नवीनता का एक आकर्षक कक्षा सजावट प्रतियोगिता की मेजबानी की। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय कुमार बहल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल छात्रों के बीच सौंदर्यशास्त्र और रचनात्मकता की भावना को बढ़ावा देना है, बल्कि उनकी शैक्षणिक यात्रा में ऐसी गतिविधियों के कई गुना लाभों को उजागर करना भी है। बहल ने कहा कि रचनात्मक सजावट विचारों पर विचार-मंथन, डिजाइन और क्रियान्वयन की प्रक्रिया छात्रों को आवश्यक जीवन कौशल सीखने के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व को व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। जैसे-जैसे वे साथियों



के साथ सहयोग करते हैं, उनमें टीम वर्क, संचार और समस्या-समाधान कौशल विकसित होते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान के विजेताओं में तीसरे सेमेस्टर से बी. फामेर्सी विभाग, तीसरे सेमेस्टर से बी.टेक सीएसई और दूसरे सेमेस्टर से डी. फामेर्सी विभाग शामिल थे। वहीं दूसरे स्थान के विजेताओं में पहले सेमेस्टर से बीएचएम, बीएससी गणित और तीसरे सेमेस्टर से एमबीए शामिल थे। तीसरे स्थान पर पहले सेमेस्टर से बीसीए, पहले सेमेस्टर से बीबीए और बी.कॉम और पहले सेमेस्टर से एमबीए रहे। बील ने कहा कि उन्होंने समग्र विकास को बढ़ावा देने और समग्र परिसर अनुभव को बढ़ाने में ऐसी पहल के महत्व पर जोर दिया।

# दिव्यांग जनों की हर संभव सहायता करने के लिए हम प्रयासरतः राजेश

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**जवाहर नवोदय** के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने आश बाल विकास केंद्र द्वारा आयोजित समावेशी कार्यशाला के दौरान कहा कि जिस तरह दिव्यांग जनों के विकास एवं सुगम्य वातावरण के लिए सॉफिया फाउंडेशन कार्य रहा है वो बेहद सराहनीय है और हम भी दिव्यांगता के क्षेत्र में हर संभव कार्य करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। बता दें कि आज आश बाल विकास केंद्र जो कि संख्या फाउंडेशन का एक उपक्रम है के सौजन्य से जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल में एक दिवसीय समावेशी कार्यशाला का आयोजन किया। जिस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य भी विशेष



रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रबंधक बीजू हिमदल ने जानकारी देते हुए बताया की साम्फिया फाउंडेशन 1 अप्रैल 2019 से लेकर आज तक दिव्यांग बच्चों के विकास के लिए कार्य कर रही है बहुत से बच्चों को एक सरल जीवन प्रदान करने में सफल हुई है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन दिव्यांगता के क्षेत्र में तीन तरह के विशेष कार्यक्रम चला रही है जिसमें अर्ली इंटरवेंशन प्रोग्राम, थेरेपी ऑन व्हील्स एवं समावेशी कार्यक्रम मुख्य रूप से सम्मिलित है। पूर्व जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थी एवं ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट डॉ. आर्य एम नें उपस्थित छात्र-छात्राओं को अपने जीवन से सबंधित सफलता कहानी को प्रस्तुत किया एवं प्रोफेशनल जीवन में किस तरह से ऑक्यूपेशनल थेरापिस्ट बना जा सकता है और ये प्रोफेशन कैसे जीवन में सार्थक सिद्ध होता है इसके लिये प्रेरित किया। वहीं इस अवसर पर डॉ. श्रुति भारद्वाज निदेशक सांफिया फाउंडेशन नें सभी बच्चों को पैरामीडिकल फील्ड से सबंधित प्रोफेशनल कोर्स के बारे में जानकारी दीएतथा थैरेपी व दिव्यांगता के बारे भी जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय की तरफ से उप प्रधानाचार्य प्रताप एवं डॉ.राज कुमार, गुरविंद्र डोगरा एवं पूनम सेन तथा आश बाल विकास केंद्र से समाज सेविका धनेश्वरी ठाकुर, मनु एवं सनी विशेष रूप से मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत 79 करोड़ 32 लाख स्वीकृतः नीरज नैय्यर

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**विधायक नीरज** नैय्यर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना पीएमजेएसवाई चरण तृतीय के पहले बैच में चंबा विधानसभा क्षेत्र को सरकार द्वारा 79 करोड़ 32 लाख रुपयों की स्वीकृति प्रदान की गई है।

उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 के तहत प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना चरण तृतीय के पहले बैच में स्वीकृत विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन डीपीआर में चंबा विधानसभा



क्षेत्र की आठ महत्वपूर्ण सडक परियोजनाओं को शामिल किया गया है। साथ में स्वीकृत विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन की जानकारी देते हुए नीरज नैय्यर ने बताया कि टी01 परेल-कोहलड़ी संपर्क सडक, टी 03 साहू-परोथा-पधर संपर्क सडक, टी02 चंबा-बनीखेत परेल से ऊपर, एनआरएल 01 भणेरा-देवी देहरा-रठियार से मनकोट संपर्क सडक, एनआरएल13 राजेरा से दुलारा संपर्क सडक, एनआरएल14 लुड्डू- घरमाणी संपर्क सडक, टी010 शाहपुर-सियूंता-चुवाड़ी-चंबा संपर्क सडक, टी08 सराहन-रान संपर्क सडक के कार्यों को शामिल किया गया है।

## 47 वर्षीय व्यक्ति ने निगला जहर, हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। थाना मैहतपुर** के तहत नंगड़ा में 47 वर्षीय व्यक्ति की जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई हैं। मृतक व्यक्ति की पहचान रमन कुमार पुत्र सतपाल सिंह निवासी नंगड़ा के रुप में हुई हैं। पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक रमन कुमार निवासी नंगड़ा ने गत दिवस अज्ञात कारणों के चलते जहर निगल लिया। बिगड़ती हालत को देखते हुए परिजनों द्वारा व्यक्ति को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले जाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए व्यक्ति को चंडीगढ़ के लिए रैफर कर दिया गया।

# थानाकलां में स्वच्छता पर किया जागरुक

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**उपमंडल बंगाणा** के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थाना कलां में सैनिटेशन एवं न्यूट्रिशन कमेटी को स्वच्छता पोषण व स्वास्थ्य पर जागरूक किया। शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकताओं व आशा वर्कर्स ने हिस्सा लिया। आशा कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार एवं खंड चिकित्सा अधिकारी नरेश कुमार ने स्वास्थ्य उपकेंद्र भरमौत, जस्साना व जरोला के अधीन आने वाली आंगनबाड़ी कार्यकताओं व आशा वर्कर्स को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में बताया गया कि किस प्रकार विलेज हेल्थ न्यूट्रिशन



कमेटी का गठन करना है व सरकार की योजनाओं को आम जनमानस पहुंचाया है, ताकि ग्रामीण स्तर के प्रत्येक नागरिक को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। वहीं स्वच्छता पर

**बल दिया**

**सुनील कुमार ने कहा कि स्वच्छता से ही हम कई प्रकार की बीमारियों से बचाव कर सकते हैं**

जागरुक किया गया। सुनील कुमार ने कहा कि स्वच्छता से ही हम कई प्रकार की बीमारियों से बचाव कर सकते हैं। इस अवसर पर मुच्छाली पंचायत के उप प्रधान अजय शर्मा, अंजना कुमार, बीना देवी, ममता व बीना अग्निहोत्री साहित आशा वर्कर्स और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एनसीटीई की अधिसूचना रद्द करने पर जेबीटी प्रशिक्षुओं में खुशी की लहर

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**सर्वोच्च न्यायालय** द्वारा एनसीटीई की अधिसूचना को रद्द करने पर जेबीटी प्रशिक्षुओं में खुशी की लहर है। जेबीटी प्रशिक्षु संघ ऊना हिमाचल प्रदेश ने इस खुशी के मौके पर जेबीटी साथियो ने आपस में मिठाई बांटकर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया और जेबीटी को 5 वर्षों के संघर्ष की जीत करार दिया। जेबीटी संघ ऊना के सचिव रजननीश कुमार की अगुवाई में रमन कुमार, पूजा शर्मा, अभिषेक सोनी, हरदीप कौर, जजिंद्र कौर, प्रदीप, दीक्षा व आरती ने ऊना सदर के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा से मुलाकात कर



मिठाई भेंट कर अपनी खुशी सांझा की और अनुरोध किया कि सरकार के समक्ष उनकी बात को रखते हुए जल्दी प्राथमिक जेबीटी की पोस्टो से बीएड को बाहर कर जल्द जेबीटी भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग उठाई। वहीं जेबीटी प्रशिक्षुओ ने जिला ऊना में जिला उपायुक्त राघव के माध्यम से एनसीटीई चैयरमैन दिल्ली को ज्ञापन सौंपा व माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को जल्दी पूरे देश में लागू करने की मांग उठाई। इसमें किसी तरह की भी ढील बरतना माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अवेलना करना होगा।

# किसानों पर लाठी चार्ज न करके केंद्र सराकारः सीताराम

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**राष्ट्रीय स्वतंत्रता** किसान मोर्चा के अध्यक्ष ठाकुर सीताराम ने पंजाब में किसानों पर लाठी चार्ज करने की कड़ी निंदा की हैं। बुधवार को जारी ब्यान में ठाकुर सीताराम ने कहा कि प्रदेश सरकारों की किसान विरोधी नीतियों से आत्म हत्याएं कर रहे हैं, किसानों की हर फसल पर मौसम की मार पडने से किसान बैंकों तथा आढ़तियों के कर्ज से गले तक डूबा हुआ हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों की समस्याओं का समाधान करने में विफल रही है तथा सरकारों को किसानों के खेतों में जाकर कृषि योजनाएं बननी चाहिए। ठाकुर ने कहा कि हवाई कृषि योजनाओं का किसानों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। बीजों, कीटनाशक दवाईयां व खादों के दामों में सरकारों ने कई गुणा बढ़ोतरी की है।

जबकि किसानों की फसल पैदावार के दामों में कोई वृद्धि नहीं की गई हैं। ठाकुर सीताराम ने कहा कि उत्तर भारत में किसान केंद्र व प्रदेश सरकारों की कृषि नीतियों से परेशान है।

# आसमान से आफत बनकर बरसी बारिश, बिजली के धमाको ने रात भर सबको डरा कर रख दिया

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**राजधानी शिमला** में लगातार हो रही मुसलाधार वर्षा ने कहर बरपा दिया है। आसमान से आफत बनकर बरसी बारिश और बिजली के धमाको ने रात भर सबको डराकर रख दिया। राजधानी में रात दो बजे मौसम के तेवरों को देखते हुए लोगों की नींद उड़ गई है। लोग घरों में भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे थे। बारिश की वजह से जगह-जगह भूस्खलन और पेड़ों के गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। राजधानी से सटे ब्लदयाँ इलाके में भूस्खलन की चपेट में आने से द पति की मौत हो गई। द पति का शव मलबे से निकाला गया है। हादसा ब्लदयाँ के शोल गांव में सामने आया। मृतक व पति मजदूरी का काम करती थी। इनकी पहचान झालु ओरेण 28 और राज कुमारी 21 पत्नी झालु के रूप में हुई है। ये दोनों झारखंड के गुमला जिला के मूल निवासी थे। मशोबरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत पीरन के डुमैहर से एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। निमार्णाधीन गेट के गिरने से 5 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई है। शिमला में बारिश की तबाही से शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में 12 से ज्यादा मकान असुरक्षित हो गए। प्रशासन ने इन्हें एहतियातन खाली करवाया है। शिमला के अलग-अलग क्षेत्रों में 24 से ज्यादा गाडियों को भी नुकसान हुआ है। भारी बारिश के बाद शिमला शहर की 25 में से 18 सडकें. वाहनों के लिए बंद हो गई हैं। सडकों पर देवदार के बड़े-बड़े पेड़ गिर गए है। शिमला के मॉल रोड़ पर लिफ्ट के पास आज सुबह भूस्खलन हो गया। भारी मात्रा में मलबा मॉल रोड़ पर गिर गया। साथ ही पेड़ भी धराशायी हुआ। गनीमत यह रही कि भूस्खलन से मॉल रोड़ के शोरूम को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। शिमला के खलीनी फॉरेस्ट कॉलोनी के पास भी भूस्खलन होने से झंझीड़ी से खलीनी सडक. बंद हो गई है। शिमला के आईएसबीटी के पास सडक. किनारे पार्क एक निजी बस मलबे की चपेट में आ गई। गनीमत यह रही कि घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। शिमला के कनलोग में हौंडा मोटर्स के ऑफिस पर 8 से 10 पेड़ गिरे, यहां के कर्मचारी जान बचाकर भागने में कामयाब हुए। शिमला के उपनगर खलीणी की फोरेस्ट कॉलोनी की कैंटीन पर पेड़ गिरने से इसे भारी नुकसान हुआ है। इसमें फंसे दो-तीन लोगों को कुछ देर की मशक्कत के बाद सुरक्षित निकाला गया। नाभा में देवदार के पेड़ गिरने से हेरिटेज बिल्डिंग को खतरा पैदा हो गया है। इसके बाद मकान को खाली करवा दिया है। सचिवालय छोटा शिमला को संजौली से जोडने. वाली वाली सडक. पर नवबहार में पेड़ गिरने से दो गाडियों को नुकसान हुआ। ढली-मल्याणा बाइपास पर लिंक रोड पर लैंडस्लाइड से तीन से चार गाडियों को नुकसान हुआ। संजौली के शांतिबिहार वार्ड में पहाड़ी से निरंतर मलबा गिरने से गाहन में कई घरों को खतरा पैदा हो गया है। यहां पर निरंतर पहाड़ी से मिट्टी गिर रही है। सबसे बड़ा खतरा पहाड़ी पर खड़े देवदार के पेड़ हैं।

## जीप से टकराई स्कूटी, घायल को पीजीआई किया रेफर

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। थाना ऊना** के तहत घंडावल में एक जीप ने स्कूटी चालक को टक्कर मार दी हैं। हादसे में स्कूटी चालक गंभीर रुप से घायल हुआ हैं, जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जीप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक दिनेश कुमार निवासी ईसपुर स्कूटी पर सवार होकर भलोला लिंक रोड की तरफ जा रहा था। तभी सुरिंद्र पाल निवासी अंब ने अपनी जीप से गुजर रहा था कि

# गरीब की सेवा व विकास है राजनीति का लक्ष्यः रायजादा

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**ऊना विधानसभा** क्षेत्र के पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा ने बुधवार को अपना जन्मदिन कार्यकताओं के बीच रहकर मनाया। ब्लॉक व यूथ कांग्रेस द्वारा क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में आयोजित रक्तदान शिविर में भी पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। रक्तदान शिविर में 100 से अधिक लोगों ने रक्तदान दिया। इसके उपरांत पूर्व विधायक जहां गुरू के लंगर में सेवा की, वहीं रायजादा ने क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में उपचाराधीन मरीजों का हाल चाल जाना। इस अवसर पर सीएमओ ऊना डॉक्टर संजीव कुमार वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस प्रधान रविंद्र सहोड़ व ऊना ब्लॉक के यूथ कांग्रेस अध्यक्ष गुरजीत मान उपस्थित रहे। देर शाम पूर्व विधायक रायजादा लालसिंगी में पहुंचे, जहां पर कुष्ठ रोगियों में फल, बिस्कुट व खाद्य सामग्री दी। वहीं बच्चों को पढ़ाई के लिए कॉपियां भी वितरित की। इस दौरान कुष्ठ रोगियों ने सतपाल रायजादा की दीघार्यु की प्रार्थना करते हुए जन्मदिन की बधाई दी। सतपाल रायजादा ने कहा कि उनकी राजनीति का लक्ष्य गरीब की सेवा और ऊना का विकास हैं। उन्होंने कहा कि यही हमारा मुख्य एजेंडा है और कांग्रेस ने भी सदैव विकास की पैरवी की है। उन्होंने कहा कि सबको साथ लेकर विकास में आगे बढ? का काम किया जाना है। रायजादा ने कहा कि ऊना विधानसभा क्षेत्र को बुलंदियों की ओर ले जाना उनका सपना है और इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के आशीर्वाद से इस सपने को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा की राजनीति हमारे लिए कोई कमाई का साधन नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से विकास के कारवां को आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश सचिव संजीव कंवर, बीडीसी चेयरमैन जशपाल सिंह भटोली, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राघव ठाकुर, मुकेश पुरी, राममुर्ति सैणी, राज कुमार राजू, मुकेश कुमार, वरूण पुरी, शिव सहोड़, सोनू अटवाल, मुकेश पुरी, प्रिंस मक्कड़, रविकांत बस्सी, प्रदीप रत्न भारद्वाज, अंकुश शर्मा, करनैल सिंह, तिलक सैणी, जिला एनएसयूआई अध्यक्ष चांद ठाकुर, बीडीसी सदस्य विक्की सैणी, जसवीर सिंह, शेर सिंह बिंद्रा, पंकज चौधरी, मयंक खन्ना सहित अन्य उपस्थित रहे। महिला ब्लॉक कांग्रेस ने किया सुंदरपाठ का आयोजन

पूर्व विधायक सतपाल रायजादा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में महिला ब्लॉक कांग्रेस ऊना ने सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

Office of
EXECUTIVE ENGINEER (UDAIPUR DIVISION)
H.P. PUBLIC WORKS DEPARTMENT, UDAIPUR-175142
FAX: 01909-262238, E.mail. hp-iap2@nic.in

"CORRIGENDUM"

The tender invited vide this office inviting Notice No: PW/CHV/CB/Tender/2023- 6047-6146 Dated:- 04.08.2023 for the following works is hereby cancelled due to administrative reason.

1. S/R to town road Keylong Km. 0/0 to 2/040 Tender ID:2023_PWD_77142_1
2. C/o Karpat to Khanjar road (Under NABARD) Tender ID: 2023_PWD_77143_1
3. C/o Mela ground at Tindi in Distt. L & S (H.P) Tender ID: 2023_PWD_77146_1

-sd/-
Executive Engineer,
Chenab Valley Division,
HP.PWD., Udaipur.

R.O.N-2252/2023-2024

# खड्ड कॉलेज में पौधारोपण करने का लिया संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**राजकीय महाविद्यालय** खड्ड में बुधवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा ने स्वयंसेवकों को पौधारोपण प्रतिज्ञा दिलाई। उन्होंने सभी स्वयंसेवियों से आह्वान किया कि वह पौधारोपण को अपने जीवन का अंग बनाएं तथा अपने जन्मदिवस पर एक पौधा आवश्य रोपित करें। कार्यक्रम में अधिकारी डॉ. आरती ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पौधारोपण के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे धरती का श्रृंगार है व हमारे जीवन




का भी आधार हैं। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। उन्होने बताया कि कार्यक्रम में उन विद्यार्थियों ने विशेष रुप से पौधारोपण किया, जिनका जन्म अगस्त माह में हुआ हैं। इस मौके पर प्रो. रविराज, प्रो. राकेश, प्रो. लखबीर, प्रो. वीरेंद्र, हरीश कुमार, विकास, नरेश, प्रिया, पायल, तनीषा, तमन्ना, कंचन, चेतना, कशिश मेहरा व संजना सहित स्वयंसेवि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### डीएलएसए ने कानूनी जागरूकता शिविरों के माध्यम से विभिन्न विषयों पर किया जागरूक

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के दिशा-निर्देशानुसार हालसा के एनुअल एक्शन प्लान के तहत डीएलएसए द्वारा विशेष जागरूकता शिविर चलाए जा रहे है। इन शिविरों में पैनल के अधिवक्ता एवं पीएलवी द्वारा विभिन्न विषयों पर जानकारी देकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में अधिवक्ता रजत व पीएलवी शिव कुमार द्वारा शांति नगर में पीड़ित मुआवजा योजना, भारतीय झंडा संहिता 2022 व राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 के बारे में लोगों को जागरूक किया और संबंधित विषय पर विस्तार से जानकारी दी। सीजेएम नितिन राज ने कहा कि इन कैंपों का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य लोगों में जागरूकता लाना है ताकि संबंधित योजनाओं व विषयों की जानकारी सभी को मिल सके।

### ब्लाक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शिवालिक स्कूल की टीम रही प्रथम

**गन्नौर: ब्लॉक स्तरीय** कबड्डी प्रतियोगिता में शिवालिक पब्लिक स्कूल की अंडर-17 लड़कियों ने ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कप्तान ज्योति के नेतृत्व में लड़कियों ने फाइनल मैच में राजकीय स्कूल कैलाना की टीम को हराकर विजय प्राप्त की। स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश पहल टीम को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### रतिराम स्कूल के छात्रों का खेलो में रहा बेहतर प्रदर्शन

**गन्नौर: रतिराम मैमोरियल** सी. सै. स्कूल खुबडू के छात्रों ने ब्लाक स्तरीय खेलो में हारडल रेस में अमन ने अंडर 16 में दूसरा, आर्यन ने अंडर 17 में 400 मीं दौड़ में दूसरा व लोकेश ने 100 मी. दौड़ में अंडर 14 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्रधानाचार्य रविन्द्र धनखड़ ने मेधावी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### 75 साल का जश्न मनाते हुए, अशोक लेलैंड की ड्रीम ड्राइव गाजियाबाद पहुंची

**गाजियाबाद।** अशोक लेलैंड के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए ड्रीम ड्राइव के हिस्से के रूप में अशोक लेलैंड का बॉस 1215 और बड़ा दोस्त वाहन गाजियाबाद पहुंचे। जम्मू से यात्रा करते हुए, वाहन आगरा की ओर जा रहा है। यह अभियान पंतनगर के मैन्यूफेक्चरिंग प्लांट में समाप्त होगा।
इस यात्रा में यह ड्राइव कानपुर, वाराणसी और लखनऊ को भी कवर करेगी। कुल 10 वाहनों के साथ ड्रीम ड्राइव देशभर में पांच अलग-अलग मार्गों पर भ्रमण कर रही है। बेंगलुरु, मुंबई, जम्मू, कोलकाता और डिब्रूगढ़ से शुरू होकर, यह अभियान देश भर के प्रमुख स्थानों से होकर गुजर रहा है और अशोक लेलैंड के मैन्यूफेक्चरिंग प्लांट्स में समाप्त होगा। इस अभियान का उद्देश्य कई आयामों में राष्ट्र के साथ कंपनी के स्थायी संबंधों का जश्न मनाना है। साथ ही, अशोक लेलैंड अपने डीलरशिप के व्यापक नेटवर्क के साथ जुड़ेगा, अपने मूल्यवान ग्राहकों के साथ सीधा संबंध बनाएगा और वाणिज्यिक वाहन से संबन्धित अपने वर्षों के अनुभव के जरिये तमाम जानकारी एकत्र करेगा। 'ड्रीम ड्राइव' पर अपडेट रहने और बातचीत में शामिल होने के लिए, अशोक लेलैंड के सोशल मीडिया हैंडल को फॉलो करें या कंपनी की वेबसाइट पर जाएं।

### सिमरन चौधरी का नया ट्रैक आ ग्या नी लॉन्च, समकालीन संगीत और लोकगीत का एक मधुर मिलाप

**लुधियाना:** प्रसिद्ध गायिका गीतकार और वॉयस ऑफ पंजाब की विजेता सिमरन चौधरी अपने अगले ईपी फोकिन रानी के सिंगल आ ग्या नी के साथ संगीत की दुनिया में तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। लोकसंगीत और पॉप का यह मंत्रमुग्ध कर देने वाला मिश्रण संगीत की सीमाओं को फिर से परिभाषित करेगा और सिमरन के अद्वितीय संगीत.ज्ञान और रचनात्मक दृष्टि का प्रमाण देगा।आ ग्या नी समकालीन पॉप एलिमेंट्स के साथ समृद्ध लोककथाओं का एक मिश्रण है।चंडीगढ़ की रहने वाली सिमरन चौधरी यहाँ अपने हिंदुस्तानी शास्त्रीय प्रशिक्षण की एक झलक दिखाती हैं और प्रत्येक नोट को अपनी जोरदार और मधुर आवाज से सम्मोहित करती हैं।गीतकार राजा द्वारा लिखे गए गीत के बोल पंजाबी संस्कृति से जुड़े हैं जो श्रोताओं को बेहद पसंद आएंगे।प्रतिभाशाली संगीत निमार्ता एडन द्वारा संचालित ये आधुनिक प्रोडक्शन ट्रैक को एक स्फूर्ति से भर देता है। यह सिंगल सिमरन चौधरी और राजा के बीच के रचनात्मक तालमेल का सुमधुर परिणाम है। सिमरन चौधरी की कलात्मक प्रतिभा आ ग्या नी के हर नोट में स्पष्ट है और इसके लॉन्च पर उन्होंने बताया आ ग्या नी पारंपरिक लोक संगीत और समकालीन पॉप दोनों के प्रति मेरे जुनून और प्यार को दशार्ता है।मैं अपनी संस्कृति और आधुनिक संगीत को मिलाकर एक ताजा और अनोखी धुन बनाना चाहती थी जो दो अलग तरह के संगीत के बीच की खाई को पाट देगा और लोगों के जीवन में खुशी लाएगा। यह ट्रैक एक कलाकार के रूप में मेरी यात्रा का एक प्रमाण है और मैं आ ग्या नी को आप सबके सामने लाकर बेहद खुश हूं।आ ग्या नी सिमरन के बहुप्रतीक्षित ईपी फोकिन रानी के जादू की एक झलक है। अपने अंदाज में अलग अलग शैलियों को सहजता से मिश्रित करने की अपनी क्षमता के साथ वो संगीत की सीमाओं को और आगे बढ़ा रही है।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में जिला परिषद की चौथी सामान्य बैठक सम्पन्न

## परिषद सदस्य किन विभागों से जुड़े कार्य करवा सकते हैं के बारे में कराया अवगत

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**जिला परिषद** की चौथी सामान्य बैठक जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में छः सूत्रीय एजेंडे पर गंभीरतापूर्वक चर्चा हुई। बैठक में सभी 17 वार्डो के जिला परिषद सदस्य मौजूद रहे। बैठक के समापन पर जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी विवेक चौधरी ने सम्बोधित करते हुए



कहा कि सदन हमारी पहचान है। हमें गरिमा में रहकर कार्य करना चाहिए। जिला परिषद की लिमिट की ग्रांटे हैं। जरूरी नहीं की हर जिला परिषद के सदस्य का कार्य हो। हमें उन्हीं कार्यो को प्राथमिकता देनी चाहिए जो ज्यादा जरूरी है। बैठक में छः सूत्रीय जनहित एजेंडे को लेकर परिषद सदस्यों ने विचार-विमर्श किया। बैठक में जिला परिषद सदस्य किन-किन विभागों से जुड़े कार्य करवा सकते हैं के बारे में भी सदस्यों को अवगत कराया गया। बैठक में इस छः सूत्रीय एजेंडे में पिछली सामान्य बैठक की कार्यवाही पुष्टिद, राज्य वित्त आयोग वित्त वर्ष 2022-23 के अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्यों की नवीनतम प्रगति एवं प्रशासनिक स्वीकृति उपरान्त खर्च राशियों की अदायगी प्रगति बारे विचार-विमर्श किया गया। जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि बैठक में 15वें वित्त आयोग की ग्रांटों में वित्त वर्ष 2021-22 में प्राप्त ग्रांटों की द्वितीय किश्त वित्त वर्ष 2022-23 में प्राप्त ग्रांटों की प्रथम किश्त के विरूद्ध कार्य स्वीकृत करने बारे तथा वित्त वर्ष 2023-24 की प्लान ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर प्रदर्शित राशि के विरूद्ध बनाने बारे विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में परियोजनाओं की सूची अनुसार पंचायती राज संस्थाओं की कार्यात्मक जिम्मेदारी की शत प्रतिशत पालना करना सुनिश्चित करने बारे में भी विचार-विमर्श किया गया।

## ओम शांति शिक्षा सदन में विभिन्न प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**ओम शांति** शिक्षा सदन नाथूपुर में आनंद कौशिक व मनोज गर्ग के नेतृत्व में उमंग व हर्षोल्लास के साथ साहित्मिक पर्व मनाया गया। स्कूल के सैकड़ो छात्रों ने भाषा कौशल में प्रवीणता व्यक्त करते हुए नाना प्रकार की कविताएँ, कहानी नाटक, भाषण एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा कला कौशल के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। प्रतिभागियों ने आपनी कविताओं के माध्यम से श्रृंगार रस, भक्ति रस आदि की महत्वता बताई। लघु नाटिका के माध्यम से पर्दे पर नाटक की महत्वता बताते हुए कहा कि लड़कियों को लड़कियों को अपनी सुरक्षा किस प्रकार करनी चाहिए। स्कूल प्रबंधक योगराज भारद्वाज, प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों की सराहना की। योगराज भरद्वाज ने कहा कि विद्यार्थियों को स्कूली स्तर पर सभी प्रकार की क्रिया-कलापों में प्रतिभागी बनना चाहिए क्योंकि स्कूल में ही एक ऐसा मंच होता है जो विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की तरफ अग्रसर करता है और साथ ही विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने का करता है।

## अंडर -14 कबड्डी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दूसरा स्थान हांसिल किया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**खंड स्तरीय** स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता में नव ज्योति शिक्षा सदन सदन खूबडू भाँवर की छात्राओं ने अंडर 14 कबड्डी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर स्कूल निदेशक राजेंद्र कौशिक,प्राचार्य हनी शर्मा व स्टाफ के अन्य सदस्य ने जोरदार स्वागत किया। टीम में से उर्वी, कनिका, निशू, धनवी, वीनू, कनिका, दक्ष, अश्वनी, अरमान और ईशान बच्चों का जिला स्तर पर भी चयन किया गया।

## कुश्ती में पुरखास संत विवेकान्द स्कूल के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन

**गन्नौरः खंड स्तरीय** खेलों में पुरखास गांव के सन्त विवेकानन्द विद्यापीठ के खिलाड़ियों ने क्रिकेट में अंडर 14 वर्ग में चिराग ,अंडर 17 वर्ग में निखिल का चयन हुआ। कुश्ती में अंडर 14 वर्ग 48 किलो में अरमान प्रथम स्थान ,अंडर 17 वर्ग 51 किलो में तुष्यनत ने प्रथम स्थान,अंडर 17 वर्ग 80 किलो भार में हर्ष ने प्रथम स्थान,अंडर 19 वर्ग 87 किलो भार में अन्शु ने प्रथम स्थान, अंडर 19 वर्ग 125 किलो भार में नितिन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार गुलिया ने सभी खिलाडियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

## इंडियन ऑयल बोर्ड में सेंथिल कुमार ने निदेशक पाइपलाइन्स का कार्यभार संभाला

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**
**इंडियन ऑयल** कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में सेंथिल कुमार एन ने निदेशक पाइपलाइन्स का कार्यभार संभाल लिया है। इंडियन ऑयल के लगभग 18,500 कि.मी. के क्रॉस-कंट्री पाइपलाइन्स नेटवर्क के प्रमुख के रूप में सेंथिल कुमार कॉर्पोरेशन के विशाल और जटिल पाइपलाइन्स बुनियादी ढांचे के लिए जिम्मेदार होंगे जिसमें सिंगल पॉइंट मूरिंग सिस्टम, कच्चे तेल टैंक फार्म, नगर गैस वितरण नेटवर्क और दुर्गम भूभाग को पार करती पाइपलाइनें शामिल हैं।
सेंथिल कुमार एन. एक इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार



इंजीनियर हैं, जिनके पास इंडियन ऑयल के देश व्यापी तेल और गैस पाइपलाइन्स के प्रचालन और अनुरक्षण में 33 वर्षों से अधिक का विशद अनुभव है। कॉर्पोरेशन के लिए उनका दृष्टिकोण 'उत्कृष्टता, अखंडता, जन संपर्क, नेट जीरो और खुशहाली' के पांच स्तंभों के आधार पर तकनीकी सुधार, बुनियादी ढांचे के विकास और परिचालन दक्षता पर आधारित है। निदेशक पाइपलाइन्स के रूप में बोर्ड में शामिल होने से पहले, वह इंडियन ऑयल के पाइपलाइन्स प्रभाग मुख्यालय में कार्यकारी निदेशक प्रचालन के रूप में कार्यरत थे। समाधान खोजने के लिए प्रौद्योगिकी की शक्ति का लाभ उठाने के प्रबल समर्थक रहे श्री सेंथिल कुमार ने पाइपलाइन्स सुरक्षा प्रणालियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पाइपलाइन्स में चोरी पर अंकुश लगाने की एक बड़ी तकनीकी सफलता के रूप में उन्होंने पाइपलाइन्स घुसपैठ का पता लगाने और चेतावनी प्रणाली की स्थापना की शुरूआत की।

# 'पत्रकार समाचार प्रेषित करने से पूर्व समाचार की विश्वसनीयता परखें'

## जिला सूचना एवं सम्पर्क विभाग ने किया मीडिया सैंटर में सावन उत्सव कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**जिला सूचना** एवं सम्पर्क विभाग द्वारा स्थानीय मीडिया सैंटर में 23 अगस्त बुधवार को सावन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न समाचार पत्रों व इलैक्ट्रोनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर उत्सव को उत्साहपूर्वक मनाया व एक-दूसरे की समृद्धि व खुशहाली की कामना की।
कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने पत्रकारों को तीज पर्व की शुभकामनाएं देते हुए



कहा कि प्रैस लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। आज भी इसकी अनेक जिम्मेदारियां हैं व यह व्यवसाय आज के दौर में भी चुनौतिपूर्ण है। पत्रकार समाज की वह कड़ी है जिस पर समाज पूरा दारमदार है। पत्रकारों का दायित्व बनता है कि वे विश्वसनीयता की न्यूज दें व कोई भी समाचार प्रेषित करने से पहले उसे पूरी तरह से परख लें। पत्रकार कोई भी ऐसा समाचार प्रेषित ना करें जिससे समाचार की विश्वसनीयता भंग हो।
उपायुक्त ने कहा कि मीडिया ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर उनका सहयोग किया। पूरा प्रशासन पत्रकारों के साथ है। उपायुक्त ने इस दौरान पत्रकारों के सवालों के जवाब भी दिए। उपायुक्त ने कहा कि वे 11 से 1 बजे तक खुला दरबार लगाकर जन समस्याएं सुनते हैं व अधिकारियों से मिलकर उनका समाधान निकालते हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग कार्यालय नहीं पहुंच सकते वे वाहट्सएप के जरिए भी मुझ तक अपनी समस्याएं दे सकते हैं। उन पर निश्चित रूप से कार्यवाही होगी।
इस मौके पर मीडिया सैंटर कमेटी के अध्यक्ष राजेश भयाना, मुकेश टंडन व टोटल टीवी के प्रतिनिधि देवेन्द्र कथूरिया ने तीज पर्व महत्वता पर प्रकाश डाला। इस पर्व कार्यक्रम में मुख्य मंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर रणदीप घणघस, डीआईपीआरओ कुलदीप सिंह बांगड़, एआईपीआरओ दीपक पारासर के अलावा पत्रकार विनोद पांचाल,देवेंद्र कथूरिया, जगमेन्द्र सरोहा,मुकेश टंडन, कमाल हुसैन व विभिन्न समाचार पत्रों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## '76वां निरंकारी वार्षिक संत समागम भोडवाल माजरी में 28 से 30 अक्तूबर को'

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**निरंकारी आध्यात्मिक** स्थल भोड़वाल माजरी में 28 से 30 अक्तूबर तक आयोजित किए जा रहे 76वें निरंकारी वार्षिक संत समागम को सफलतापूर्वक कराने को लेकर उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सचिवालय में संत निरंकारी मंडल के सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें उपायुक्त ने समागम को सफलतापूर्वक करवाने का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने कहा कि समागम में लाखों लोगों का आगमन होता है इसके लिए बिजली, पानी, शौचालय, ट्रांसपोर्ट व अन्य ठहराव से संबंधित सुविधाओं की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में प्रशासन नियमानुसार समागम को सफलतापूर्वक कराने के लिए संत निरंकारी मंडल का सहयोग करेगा। उपायुक्त ने बताया कि समागम स्थल पर बसों की व्यवस्था सूचारू रूप से की जाएगी। शहर में अतिरिक्त लोकल बसें पानीपत से समागम स्थल तक चलाई जाएंगी। अस्थायी बस स्टॉप बनाए जाएंगे ताकि समागम में आने वाले प्रवासियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।
उपायुक्त ने इसके लिए परिवहन विभाग के जीएम को नियमानुसार बसों की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने दमकल विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे नियमानुसार फायर व एमरजैंसी सर्विस प्रदान करें। उपायुक्त ने बिजली विभाग को अस्थाई बिजली कनैक्शन नियमानुसार प्रदान करने के लिए व स्वास्थ्य विभाग को एंबुलैंस, पैरामैडिकल स्टाफ, अस्थाई डिस्पैंसरी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि वे इस दौरान समागम स्थल के निकट पुलिस पोस्ट स्थापित करें व कानून व्यवस्था का पालन करने के इंतजाम करें।
इस मौके पर एसडीएम समालखा अमित कुमार, सीटीएम राजेश सोनी, सीएमओ डॉ. जयंत आहूजा, डीएसपी(ट्रेफिक) सुरेश सैनी, संत निरंकारी मंडल सचिव जोगिन्द्र सुखिजा, संजय सैनी, राजेन्द्र भुल्लर आदि मौजूद थे।

## नशे की लत ने बनाया बाइक चोर; चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
**पानीपत, सीआईए** श्री की टीम ने सेक्टर 13/17 में हेलीपेड के पास एक युवक को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान प्रिंस निवासी वधावाराम कॉलोनी के रूप में हुई। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपी प्रिंस ने बताया कि वह नशा करने का आदी है। नशा खरीदने के लिए पैसों की जरूरत पड़ी को उसने बाइक चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद कर पूछताछ के बाद पुलिस टीम ने बुधवार को आरोपी प्रिंस को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि उनकी टीम को सोमवार देर शाम गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक स्पलेंडर बाइक पर सेक्टर 13/17 में हेलीपेड के पास घूम रहा है।

## छात्र मिलन कार्यक्रम: जवाहर नवोदय विद्यालय का किया शैक्षणिक भ्रमण

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ लाडवा (दलबीर मलिक)**
**आज** गाँव निवारसी के पंच तथा समाजसेवी डॉक्टर बलविंदर सिंह घोतरा के नेतृत्व में राजकीय प्राथमिक पाठशाला,निवारसी व राजकीय प्राथमिक पाठशाला, निवारसी कॉलोनी के कक्षा चौथी व पाँचवीं कक्षाओं के विद्यार्थियों का "छात्र मिलन कार्यक्रम" के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय, निवारसी का एक शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया । इस आयोजन में मामराज, अध्यापक, राजकीय प्राथमिक पाठशाला, निवारसी, तथा प्रदीप कुमार, इंचार्ज,राजकीय प्राथमिक



पाठशाला, निवारसी कॉलोनी ने सह-संयोजक की भूमिका निभाई । नवोदय विद्यालय के प्राचार्य निरंजन सिंह तथा उप-प्राचार्या श्रीमती गुरप्रीत कौर ने बहुत गर्म-जोशी के साथ राजकीय विद्यालय के प्रतिनिधियों तथा विद्यार्थिओं का स्वागत किया । बलराम तंवर, पी.जी.टी. हिंदी, नवोदय विद्यालय, के द्वारा मेहमानों का अपने विद्यालय के शिक्षकों तथा विद्यार्थिओं से जान पहचान करवाने तथा विद्यालय में मौजूद विभिन्न प्रकार की सुविधाओं से मेहमान बच्चों को परिचित करवाने का दायित्व प्रशंसनीय तरीके से निभाया गया । प्राचार्य निरंजन सिंह के द्वारा भ्रमण पर आये विद्यार्थिओं को नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा के प्रारूप की जानकारी देने के अतिरिक्त उन्हें इस के लिए सुनियोजित तरीके से तैयारी करने के लिए प्रेरित भी किया। भ्रमण के अंत में दोनों विद्यालयों के विद्यार्थिओं ने एक सांझे सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। इस कार्यक्रम का समापन डॉक्टर घोतरा के द्वारा नवोदय विद्यालय, निवारसी के प्रशासन, स्टाफ तथा विद्यार्थिओं को समर्पित धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

# रक्तदान शिविर का समाजसेवी आंतिल ने किया भव्य स्वागत

## संस्थापक एवं चेयरमैन नानक चंद गुप्ता के 76वें जन्मदिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**रेनू विद्या** मंदिर में श्री रामेश्वर सेवा संस्थान के संस्थापक एवं चेयरमैन नानक चंद गुप्ता के 76 वें जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ आंतिल बारहा खाप के प्रधान जयभगवान के द्वारा किया गया। संस्थान के चैयरमेन व संस्थापक नानक चंद गुप्ता के 76 वे जन्मदिवस पर रक्त दान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। हरियाणा राज्य रक्त संचरण परिषद की और



से कैंप लगाया गया और 100 यूनिट रक्तदान किया गया। साथ ही में दिव्यांग बच्चो की डाक्टरों की टीम ने जांच की। स्कूल के प्रधानाचार्या डा. प्रमोद कुल्हाड़े ने चैयरमेन का स्वागत करते हुए दिव्यांगजनों के लिए किए गए कार्यों को विस्तार से बताया।

**आश्वाशन**

**नानक चंद गुप्ता ने सबका आभार व्यक्त करते हुए दिव्यांग बच्चो के लिए हर संभव प्रयास के लिए आश्वाशन दिया**

संस्थान के प्रबंधक विजेंद्र सिंह ने रेनू विद्या मंदिर की गत 22 वर्षो में दो बच्चो से शुरू होकर लगभग 350 सामान्य एवं दिव्यांग बच्चो के लिए उठाये गए कदमो पर प्रकाश डालते हुए नानक चंद गुप्ता को देते हुए अच्छे स्वास्थय की कामना की। समाजसेवी जय भगवान आंतिल ने संस्थान द्वारा दिव्यंजन बच्चो के लिए उठाये गए शिक्षा के कदमों को जानकर बड़ी प्रशंसा करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा के लिए संस्थान बेहतर प्रयास कर रहा है। नृत्य शिक्षक विकास कुमार की अनुयाई में दिव्यांग बच्चो ने मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी। नानक चंद गुप्ता ने सबका आभार व्यक्त करते हुए दिव्यांग बच्चो के लिए हर संभव प्रयास के लिए आश्वाशन दिया।

## नागरिक अस्पताल में हाई वोल्टेज ड्रामा खुद मेडिकल सुपरिंटेंडेंट बैठे धरने पर

**टीम एक्शन इंडिया/संतोष कुमारी**
**नारनौल। नागरिक** अस्पताल में बुधवार को हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। यहां पर अपने स्टाफ की कार्य प्रणाली से नाराज मेडिकल सुपरीटेंडेंट सीएमओ कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। अस्पताल के एक बड़े अधिकारी द्वारा इस प्रकार सिविल सर्जन के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठना काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।
बुधवार को चिकित्सा अधीक्षक धर्मेंद्र संगवान सिविल सर्जन रमेश चंद्र आर्य के कार्यालय के बाहर



धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे हुए मेडिकल सुपरीटेंडेंट का कहना था कि अस्पताल का स्टाफ उनकी बातों को नहीं मानता है। जिसके कारण अस्पताल चलाने में उनको काफी परेशानी हो रही है। उनका कहना है कि यहां के स्टोर कीपर नरेंद्र कुमार की मौत के बाद कोई भी उस स्टोर को चलाने वाला नहीं है। जिसके कारण काफी परेशानी हो रही है। सारा भार उनके कंधों पर आ गया है। इससे भी मानसिक रूप से भी परेशान रहने लग गए हैं।
हालांकि सिविल सर्जन के कहने पर दस मिनट बाद उन्होंने धरना समाप्त कर दिया। सिविल सर्जन ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को पूरा कर दिया जाएगा। इसके बाद चिकित्सा अधीक्षक ने धरना समाप्त कर दिया। चिकित्सा अधीक्षक का आरोप है कि चिकित्सक उनकी बात नहीं मान रहे है।

## संपादकीय

# अब कर्नाटक में कांग्रेस का ऑपरेशन पंजा का आगाज

**भाजपा** जीते बगैर सत्ता हथियाने में माहिर हैं। उसके लिए वह स्पेशल टीम लगाती है ;जो 60% राज्यों में कामयाब रही हैं 'ऑपरेशन लोटस' भाजपा की उस स्ट्रैटजी के लिए गढ़ा गया शब्द है, जिसमें सीटें पूरी न होने के बावजूद पार्टी सरकार बनाने की कोशिश करती है। पिछले 6 साल के दौरान 7 राज्यों में भाजपा ने ऑपरेशन लोटस चलाया। इसमें से 5 बार भाजपा को सफलता मिली है, जबकि 2 बार मात खानी पड़ी। मध्य प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गोवा , अरुणाचल में भाजपा पास हुई तो राजस्थान , उत्तराखंड में उसे फेल होना पड़ा था।

अभी ऑपरेशन की सबसे बड़ी हलचल कर्नाटक में चल रही है जहाँ भाजपा ने यह ऑपरेशन कमल शुरू किया था। 2017 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा 104 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा ने मुख्यमंत्री पद की शपथ भी ले ली, लेकिन फ्लोर टेस्ट पास नहीं कर पाए। सरकार गिर गई।इसके बाद कांग्रेस के 80 और जे .डी.एस . के 37 विधायकों ने मिलकर सरकार बना ली। 2 साल भी पूरे नहीं हुए थे कि पॉलिटिकल क्राइसिस शुरू हो गई। जुलाई 2019 में कांग्रेस के 12 और जे .डी. एस . के 3 विधायक बागी हो गए।कांग्रेस-जे .डी.एस . सरकार के पास 101 सीटें बचीं। वहीं भाजपा की 105 सीटें बरकरार रहीं। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और वहां से फ्लोर टेस्ट का आदेश दिया गया। सरकार फ्लोर टेस्ट में फेल हो गई और मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने इस्तीफा दे दिया।

इस समय 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक के सियासी गलियारों में 'ऑपरेशन पंजा' की चर्चा जोरों पर है। कहा जा रहा है कि इस समय कांग्रेस भाजपा और जेडीएस को तोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। कुछ राजनीतिक विशेषज्ञों का ये भी मानना है कि ये 2019 के ऑपरेशन लोटस का बदला है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, पार्टी की रणनीति 'ऑपरेशन पंजा' के तहत 3 से 4 चरणों में भाजपा -जेडीएस विधायकों को तोड़ने की है। एक न्यूज एजेंसी ने कर्नाटक कांग्रेस सूत्रों के हवाले से बताया है कि जल्द ही 15 विपक्षी विधायकों को पार्टी में शामिल किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, विधायकों से संपर्क किया जा चुका है और उनके पदों को लेकर आगे की चर्चा चल रही है। इस पर मुहर लगते ही विधायकों को कांग्रेस में शामिल कर लिया जाएगा।'ऑपरेशन पंजा' की चर्चा पर भाजपा ने भी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस बोम्मई ने दावा किया कि कोई भी भाजपा विधायक कांग्रेस में शामिल नहीं होगा। कर्नाटक के राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि ऑपरेशन पांजा को ऑपरेशन लोटस की तर्ज पर लागू किया जाएगा। इसके तहत कांग्रेस उन विपक्षी विधायकों को तोड़ने की रणनीति बना रही है जो कभी कांग्रेस में थे। इसके अलावा कांग्रेस की नजर पुराने मैसूर, बेलगावी, बीदर और तटीय कर्नाटक के मजबूत भाजपा नेताओं पर है। इन नेताओं को साथ लेकर कांग्रेस 2024 में भाजपा को कड़ी टक्कर देने की रणनीति तैयार कर रही है। कर्नाटक में कांग्रेस ने 2024 में लोकसभा की 20 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है।

# राजस्थान में जिताऊ प्रत्याशियों पर दांव लगायेगी कांग्रेस



रमेश सर्राफ धमोरा

> प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व उनके साथ तीन सह प्रभारी भी लगातार प्रदेश का दौरा कर विभिन्न स्तरों पर रायशुमारी कर रहे हैं। टिकट वितरण में पार्टी द्वारा उम्र का बंधन लागू नहीं करने के कारण उम्रदराज नेताओं को भी टिकट मिलने की संभावना बन गई है। इसी के चलते कांग्रेस विधायक हेमाराम चौधरी, दीपेंद्र सिंह शेखावत, भारत सिंह जैसे उम्रदराज नेताओं ने अगला विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने की बात कही थी। मगर उम्र का बंधन नहीं होने के चलते शायद यह लोग भी फिर से चुनावी मैदान में उतर जायें। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भी आदिवासी बहुल बांसवाड़ा जिले के मानगढ़ धाम में एक बड़ी रैली को संबोधित कर राजस्थान में चुनाव प्रचार की शुरुआत कर दी है। राहुल गांधी के राजस्थान दौरे के बाद कांग्रेस के नेता सक्रिय होकर चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं

**राजस्थान** में कांग्रेस पार्टी अगले विधानसभा चुनाव में जिताऊ प्रत्याशियों पर ही दांव लगाएगी। पार्टी को जो प्रत्याशी जीतने वाला लगेगा चाहे वह कितनी भी अधिक उम्र का क्यों ना हो उसे मैदान में उतारा जाएगा। कांग्रेस का प्रयास है कि राजस्थान में लगातार दूसरी बार सरकार बना कर हर बार सरकार बदलने के मिथक को तोड़ा जाए। इसीलिए पार्टी के बड़े नेता अलग-अलग एंगल से सभी 200 विधानसभा क्षेत्र में जीतने वाले प्रत्याशियों के लिए सर्वे करवा रहे हैं। जिस व्यक्ति का नाम भी सर्वे में उभर कर आएगा उसको ही इस बार कांग्रेस पार्टी टिकट देकर चुनावी मैदान में उतरेगी। कांग्रेस के बड़े नेताओं का मानना है कि आम कार्यकर्ता से लेकर निर्वाचित जनप्रतिनिधि तक कोई भी टिकट के लिए आवेदन कर सकता है। वरिष्ठ नेता पूरी तरह से छानबीन कर अंतिम सूची में जीतने वाले नाम पर ही मोहर लगाएंगे। जयपुर में संपन्न हुई नवगठित प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल व प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की मौजूदगी में कहा था कि हम चुनाव जीतेंगे। हमने प्रदेश की जनता के भले के लिए बहुत से नए काम किए हैं तथा बहुत सी नयी योजनाएं प्रारंभ की हैं। जिससे प्रदेश की अधिकांश जनता लाभान्वित हो रही हैं। हमारे द्वारा शुरू किए गए कामों के बदौलत ही राजस्थान के लोगों ने कांग्रेस पार्टी को फिर से जिताने का मानस बना लिया है। कांग्रेस के सभी नेता मिलजुल कर पूरी एकजुट से चुनाव मैदान में उतरेंगे। जबकि भाजपा में आज भी अलग-अलग नेताओं के अलग-अलग गुट बने हुए हैं। ऐसे में प्रदेशवासी कांग्रेस की ही सरकार बनाने की चर्चा करने लगे हैं। गहलोत का कहना है कि बीजेपी तो हार मान चुकी है। जबकि हम चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। बीजेपी में दिल्ली से आकर नेता चुनाव लड़ेंगे तो जनता इनसे पूछेगी कि क्या हमारे फैसले भी आप दिल्ली से बैठकर करोगे। बीजेपी की यह स्थिति है कि उनके कार्यकर्ता पूछते हैं कि हमारा नेता कौन है। इनके पास चुनाव लड़ने के लिए चेहरा तक नहीं है। प्रधानमंत्री के चेहरे पर चुनाव लड़ा जाएगा तो यह चुनाव से पहले हार मानने की स्थिति में आ गए हैं। जनता इस बात का एहसास कर रही है।



जयपुर में कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति की पहली बैठक के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि विधानसभा चुनाव में युवा हो या बुजुर्ग हो टिकट वितरण में केवल जिताऊ को ही देखा जाएगा। यही सबसे बड़ा क्राइटेरिया होगा। गहलोत का मानना है कि कर्नाटक चुनाव में 90 साल के व्यक्ति को भी टिकट दिया गया था जो चुनाव जीतकर आया। इसलिए जो जीत सकता है उसको ही टिकट दिया जाएगा। गहलोत के इस बयान से साफ है कि उदयपुर चिंतन शिविर के घोषणापत्र का पालन टिकटों में नहीं होगा। आगामी विधानसभा चुनाव में युवाओं को टिकटों में प्राथमिकता देने की जगह जिताऊ का मापदंड रहेगा। कांग्रेस पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में प्रत्याशियों के टिकट जल्दी से जल्दी तय करना चाहती है। कांग्रेस के अधिकांश वरिष्ठ नेता चुनाव की आदर्श आचार संहिता लगने से पहले प्रत्याशियों के नाम तय कर देना चाहते हैं। इसको लेकर ब्लाक कमेटियों से लेकर प्रदेश स्तर पर गठित चुनावी समितियों की बैठकों का दौर शुरू कर दिया गया है। पार्टी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों और पार्टी नेताओं ने टिकटों के पैनल पर काम शुरू कर दिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा राजस्थान के सभी 25 लोकसभा सीटों पर गुजरात, हरियाणा व उत्तर प्रदेश के 25 विधायकों को पार्टी पर्यवेक्षक बनाकर जिलों में भेजा गया था। इन 25 पर्यवेक्षकों में से हर एक को लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले आठ विधानसभा सीटों का फीडबैक लेने का काम दिया गया था। सभी पर्यवेक्षकों ने जिलों में जाकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक को का आयोजन कर विभिन्न नेताओं से पार्टी के संभावित प्रत्याशियों के बारे में फीडबैक लिया तथा पार्टी की टिकट चाहने वालों के बायोडाटा भी एकत्रित किए हैं। सभी पर्यवेक्षको ने जयपुर लौटकर अपनी रिपोर्ट पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा को सौंप दी है। इसके अलावा इसके अलावा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्षों से भी राय मांगी जाएगी। प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व उनके साथ तीन सह प्रभारी भी लगातार प्रदेश का दौरा कर विभिन्न स्तरों पर रायशुमारी कर रहे हैं। टिकट वितरण में पार्टी द्वारा उम्र का बंधन लागू नहीं करने के कारण उम्रदराज नेताओं को भी टिकट मिलने की संभावना बन गई है। इसी के चलते कांग्रेस विधायक हेमाराम चौधरी, दीपेंद्र सिंह शेखावत, भारत सिंह जैसे उम्रदराज नेताओं ने अगला विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने की बात कही थी। मगर उम्र का बंधन नहीं होने के चलते शायद यह लोग भी फिर से चुनावी मैदान में उतर जायें। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भी आदिवासी बहुल बांसवाड़ा जिले के मानगढ़ धाम में एक बड़ी रैली को संबोधित कर राजस्थान में चुनाव प्रचार की शुरूआत कर दी है। राहुल गांधी के राजस्थान दौरे के बाद कांग्रेस के नेता सक्रिय होकर चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं।

मुख्यमंत्री गहलोत भी चुनाव को लेकर पूरे आक्रामक मूड में है। पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की मीटिंग में मुख्यमंत्री ने अपने नजदीक माने जाने वाले कांग्रेस नेताओं को जमकर फटकार लगाई। विधायक रघु शर्मा ने जब जातिगत जनगणना के फैसले पर सवाल उठाते हुए इससे चुनावों में नुकसान होने की आशंका जताई तो गहलोत ने उन पर तंज कसते हुए कहा कि तुम तो नेशनल लीडर हो। राहुल गांधी से ही सीधी बात क्यों नहीं कर लेते। आपको पता है यह हमारी पार्टी का नेशनल स्टैंड है और आप इस तरह की बात कह रहे हो। कर्नाटक में राहुल गांधी ने बोला था। बाकी जगह भी कांग्रेस का यही स्टैंड है।

बैठक में पूर्व सांसद रघुवीर मीणा ने आदिवासी इलाके मानगढ़ की सभा में एसटी आरक्षण की जगह ओबीसी आरक्षण पर घोषणा करने को पार्टी के लिए नुकसानदायक बताते हुए इस पर सवाल उठाए। रघुवीर मीणा के सवाल उठाने पर गहलोत ने कहा कि मुझे पता है कहां क्या घोषणा करनी है। मुख्यमंत्री सबका होता है मेरी प्राथमिकता सब लोग हैं। कोई बात कहां रखनी है मैं मुख्यमंत्री हूं इतना तो जानता ही हूं। अब तो सलूंबर को जिला बना दिया और आपके चुनाव जीतने का रास्ता साफ कर दिया है। फिर भी यह बात बोल रहे हो।

बैठक के दौरान खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बीजेपी के आरोपों पर आक्रामक होने की सलाह दी तो गहलोत ने खाचरियावास पर भी तंज कसते हुए कहा कि खाचरियावास बोलते-बोलते पता नहीं कौन सा ट्रैक पकड़ कर क्या बोल जाते हैं। केसी वेणुगोपाल जी अनुशासन के मामलों में कार्रवाई करने में थोड़ा वक्त लगाते हैं। अगर इनकी जगह मैं होता तो बता देता। गहलोत ने राज्यसभा सांसद नीरज डांगी पर भी तंज कसते हुये कहा कि आपको पार्टी ने दो बार मौके दिया जीते नहीं तो पार्टी ने राज्यसभा सांसद बना दिया। कम से कम अब तो एक विधानसभा सीट जितवाने की जिम्मेदारी लेनी ही चाहिए। चुनावी तैयारियों के नजरिये से कांग्रेस पार्टी प्रदेश में भाजपा से काफी आगे चल रही है। सचिन पायलट के शांत होने से पार्टी में चल रही गुटबाजी बंद हो गयी है। यह साफ हो गया है कि मुख्यमंत्री गहलोत ही पूरे चुनावी अभियान का नेतृत्व करगें।

भाजपा द्वारा गहलोत के सामने अभी तक कोई चुनावी चेहरा नहीं उतारे जाने के चलते कांग्रेस को फायदा होता नजर आ रहा है।

## कविता

खुद को तलाशता
मैं?
मुझे धरती लील गई,
आकाश ने छुपा दिया
हवाओं ने अदृश्य कर
दिया
या पानी ने अपनी
धाराओं में
विलोपित कर दिया
मुझे,
अदना मैं अस्तित्व हीन,
शून्य से चिपका
व्योम में बहता सा,
मैं मुझको ही नजर नहीं
आता
अपने अतीत में अपने
को खोजता
पीछे की ओर नजरें
दौड़ा कर,
पितामह हमारे आने
वाले कल
की ओर निहारते
गहरी आशावादी दृष्टि
से,
मैं अतीत के पाषाणों में
आज तलाश करता,
मां की कोख से जन्मा
मैं
शून्य होकर रह
गया
हम,हमारे द्वंद के बीच,
सूरज की नव किरणों
में
अपने और अपनों को
बुझी आंखों से
तलाशता,
सूखे पत्तों सा
फड़फड़ाता,
वृक्ष के तनों सा अकडा
उजड़े हुए नगर की
तरह
स्वयं बिछड़ा हुआ सा,
आज जन्मे शिशु ने
दिया
मुक्ति का संदेश,
नवयुग की ओर जाने
का
मार्ग,
सच, नवजात नन्हा ही
आज और आने वाले
कल का
सच्चा पथ प्रदर्शक है,
ईश्वर की मानिंद।

संजीव ठाकुर

## ममता की ये सरिता, कल कल शीतल ही बहने दो

**हर** साल की भांति इस वर्ष भी 26 अगस्त को हम सभी 'वुमेन इक्वैलिटी डे' यानी कि 'महिला समानता दिवस' मनाने जा रहे हैं। नारी के बारे में किसी ने क्या खूब कहा है कि -'नारी ही सारी है, सारी ही नारी है। नारी में ही सारी है और सारी में ही नारी है।' छब्बीस अगस्त को हम महिला समानता दिवस मना रहे हैं। वास्तव में, यह दिवस लोगों को महिलाओं को समानता(इक्वैलिटी) का दर्जा दिलाने के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए हर साल मनाया जाता है। दूसरे शब्दों में हम यह बात कह सकते हैं कि महिलाओं को समानता का अधिकार दिलाने और समाज में उनकी स्थिति को मजबूत या सशक्त बनाने के उद्देश्य से हर साल महिला समानता दिवस मनाया जाता है। आज भी नारी को समाज में वह स्थान प्राप्त नहीं है जो कि वास्तव में उसे होना चाहिए। तभी शायद किसी कवि को यह लिखना पड़ा कि -'नारी सशक्तिकरण के नारों से गूंज उठी है वसुंधरा, संगोष्ठी, परिचर्चाएं सुन-सुन, अंतर्मन ये पूछ पड़ा।वेद, पुराण, ग्रंथ सभी, नारी की महिमा दोहराते, कोख में कन्या आ जाए, क्यूं उसकी हत्या करवाते? कूड़े, करकट के ढेरों में, कुत्तों के मुंह से नुचवाते, बेटे की आस में प्रतिवर्ष, बेटियां घरों में जनवाते।............सरस्वती, लक्ष्मी, शीतला, नारी दुर्गा भी बन जाए, मनमोहिनी, गणगौर सी, काली का रूप भी दिखलाए।शक्ति को ना ललकारो, इसको नारी ही रहने दो, करुणा, ममता की सरिता ये, कल-कल शीतल ही बहने दो।' वास्तव में, इस दिन(महिला समानता दिवस) को मनाने की शुरूआत तब हुई थी जब एक देश विशेष में महिलाओं को मतदान यानी कि वोट देने का अधिकार तक नहीं था। यह ठीक है आज भारत समेत दुनिया के सभी देशों में लैंगिक समानता लाने की दिशा में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं, महिलाओं को पुरूषों के समान अधिकार दिए जा रहे हैं लेकिन हमारे समाज में महिलाओं की स्थिति को लेकर आज भी अनेक प्रकार की असमानताएं देखने, सुनने को मिलती हैं और सच तो यह है कि महिलाओं को कहने को भले ही पुरूषों के समान अधिकारों की हम बात करतें हैं लेकिन वास्तविकता यही है कि पुरूषों की तुलना में महिलाओं के प्रति कहीं न कहीं दोहरी मानसिकता होती है। दूसरे शब्दों में कहें तो हम यह बात कह सकते हैं कि समाज में आज भी महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार नहीं मिलते हैं। हालांकि यह बात अलग है कि आज भारत समेत दुनियाभर में महिलाओं को समान अधिकार और स्थान दिलाए जाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि अमेरिका में महिलाओं को वोट देने का अधिकार नहीं था।

इतना ही नहीं विवाहित महिलाओं ने संपत्ति के अधिकार की मांग भी शुरू कर दी थी। यहां यह उल्लेखनीय है कि महिला समानता दिवस(वुमेन इक्वैलिटी डे।

## विचार

# जीवन की आपाधापी में क्या जी रहे हैं हम?

**प्रियंका सौरभ**

**आज** के अशांत युग में शांति परमावश्यक है। कल कारखानों के शोर, यातायात के साधनों का शोर, जीवन की आपाधापी आज बाहरी तथा भीतरी अशांति को जन्म दे रही है। इसके कारण तनाव, डिप्रेशन का जन्म हो रहा है। प्रकृति की हरियाली व शांत प्राकृतिक दृश्यों की कमी लोग अनुभव करने लगे हैं। नगरों से दूर लोग ग्रामीण शांत वातावरण में रहना पसंद करने लगे हैं। यह मनःस्थिति शांति की उपयोगिता को प्रदर्शित करती है। आज हम जिस समय में रह रहे हैं वह अनेक तरह से विलक्षण है। देखा जाए तो हर समय अनूठा होता है। लेकिन आज का दौर विशेष तौर पर आपाधापी, जीवन संघर्ष, कटुताओं, वैचारिक संकीर्णताओं, निराशा, हताशा जैसे अवसादों से भरा है। आज के इस आपाधापी भरे जीवन में अपना अस्तित्व बनाए रखना और अपनी जमीन पर खड़े रहना पहले से ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया है। समय के साथ बढ़ती हमारी अपेक्षाएं और आकांक्षाएं व जरूरतें हमें दिन-रात परेशान करती रहती है। जो है वह खूबसूरत है हमने कब ये सोचा? सादगी की अवधारणाएं अब कहीं कूड़े में जा चुकी है। हमारी जितनी जरूरत है उतना हमारे पास हैं फिर भी हम संतुष्टि भरा जीवन नहो जी पा रहे हैं और यह असंतोष ही हमें लगातार भागने के लिए विवश करता है। हमें यह कतई सहन नहीं होता कि कोई हमसे आगे निकल जाए और इस दौड़ में हम उस सुख को जीना भूल जाते हैं जो ईश्वर ने हमें दिया है। यही कारण है कि हमारा तनाव बढ़ता है और रक्तचाप उच्च स्तर पर जाता है। जीवन की आपाधापी में हमें कुछ देर कहीं बैठकर सोचने का वक्त ही नहीं मिला कि क्या सही है और क्या गलत? जब हम अपने युवा जीवन की शुरूआत करते हैं तो, हमारा मन सबकुछ पाने को लालायित रहता है। हमें पैसे के साथ साथ नाम कमाने की भी चाह होती है। ये चाहत काफी हद तक सही भी है। पर, इसके चक्कर में परिवार और अपनी खुशियों को अहमियत न देना गलत है। अपनी जिम्मेदारियों और अपनी खुशियों के साथ समझौता किसी भी हाल में सही नहीं हो सकता। जीवन में आपका पैसा और नाम कमाना या कामयाब इंसान बनना जितना जरुरी है उतना ही जरुरी छोटी छोटी खुशियों को महसूस करना भी है। अगर आप इन पलों को भूलकर बस आगे बढ़ने में लगे हैं तो आपको एक दिन इस बात का दुःख जरूर होगा की मैंने क्या कुछ खोया थोड़ा सा पाने के चक्कर में? जिन स्थितियों से तनाव उत्पन्न होता है उनसे अशांति मिलती है । आधुनिक शोधों से ज्ञात होता है कि लगभग पचहत्तर प्रतिशत रोगों का कारण तनाव होता है। आज हम बिना ठहरे बस भागते जा रहे हैं, भागते जा रहे हैं। और यही कारण है कि हमारे जीवन में एक दौर ऐसा आता है जब हम निराश और उदास लोगों से गिर जाते हैं। हमें लगता है कि कोई भी अपनी वर्तमान स्थिति से संतुष्ट नहीं है। आज जो हमें मिला है वह अपर्याप्त है। क्या कभी हम दूसरे कोण पर भागती हमारी जिंदगी का पहले कोण से मुआयना कर पाएंगे। अब सोचिए।।। क्या हमारे जीवन में उदासी और अवसाद का यह दौर ऐसे ही चलता रहेगा? क्या हमारे जीवन में कभी सकारात्मकता नहीं आएगी? यहां सकारात्मक होने का मतलब यह नहीं है कि जो गलत है उसे हम बेवजह सकारात्मकता के लिफाफे में लपेटकर स्वीकार करें। गलत को गलत ही कहा जाना चाहिए और उसका विरोध भी होना चाहिए। लेकिन हमें अनावश्यक नकारात्मकता से बचना चाहिए। मैं आज के समाज में और विशेष रूप से सोशल मीडिया के इस युग में देखती हूं कि हम चीजों को बिना जाने, बिना मामले की तह में पहुंचे किसी की आलोचना, निंदा करने और घटिया शब्दों का प्रयोग करने से भी नहीं बाज आते। क्या यह आपके नजरिए से सही है? अगर हम तुरंत किसी बात का जवाब न दे तो क्या दुनिया लुट जाएगी? क्या हम थोड़ी देर सोच विचार कर, पूरी घटना को समझ कर, अच्छे और सभ्य तरीके से शालीनता से किसी बात का जवाब नहीं दे सकते। इतनी जल्दबाजी आखिर क्यों? सोशल मीडिया की शुरूआत हमारी घटती जा रही सामाजिकता की क्षतिपूर्ति के लिए हुई होगी। क्योंकि आज हम गांव में बरगद और पीपल तले चौपाल नहीं देख पा रहे। कारण यही की आज की दुनिया बहुत बदल गई है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अपने लेखन कौशल को कैसे बेहतर बनाए

**विजय गर्ग**

**अकादमिक** सफलता के लिए मजबूत लेखन कौशल महत्वपूर्ण हैं। चाहे आप छात्र हों, शोधकर्ता हों या पेशेवर हों, प्रभावी लेखन विचारों को स्पष्ट और प्रेरक ढंग से संप्रेषित करने की आपकी क्षमता को बढ़ाता है।

**व्यापक और नियमित रूप से पढ़े**

विविध शैलियों, विषयों और लेखन शैलियों की खोज करके अपने पढ़ने के क्षितिज का विस्तार करें। बार-बार पढ़ना आपको विभिन्न लेखन तकनीकों, शब्दावली और वाक्य संरचनाओं से अवगत कराता है, जो आपके लेखन को प्रेरित और सूचित कर सकता है।

**व्याकरण और विराम चिह्न में महारत हासिल करें**

स्पष्ट और सुसंगत लेखन के लिए व्याकरण और विराम चिह्न की ठोस समझ आवश्यक है। अपने लेखन की गुणवत्ता और स्पष्टता बढ़ाने के लिए बुनियादी व्याकरण नियमों पर ध्यान दें, उचित अल्पविराम का उपयोग सीखें और वाक्य संरचना से खुद को परिचित करें।

**नियमित रूप से लिखने का अभ्यास करें:** लेखन एक ऐसा कौशल है जो अभ्यास के साथ बेहतर होता जाता है। लेखन अभ्यास, जर्नलिंग या ब्लॉगिंग के लिए नियमित समय समर्पित करें। अपने आप को विभिन्न विषयों पर लिखने की चुनौती दें, विभिन्न लेखन शैलियों के साथ प्रयोग करें और अपनी लेखन क्षमताओं को निखारने के लिए फीडबैक लें।

**शैक्षणिक लेखन दिशानिर्देशों का अध्ययन करें**

अकादमिक लेखन की विशिष्ट आवश्यकताओं और परंपराओं से खुद को परिचित करें। उचित उद्धरण और संदर्भ तकनीकों सहित निबंधों, शोध पत्रों और रिपोर्टों की संरचना को समझें।

**मजबूत थीसिस कथन विकसित करें:** एक अच्छी तरह से तैयार की गई थीसिस कथन आपके लेखन के लिए स्वर और दिशा निर्धारित करता है। स्पष्ट और संक्षिप्त थीसिस कथन तैयार करने का अभ्यास करें जो आपके मुख्य तर्क या शोध उद्देश्य को प्रभावी ढंग से व्यक्त करते हैं।

अपने दावों को मजबूत करने के लिए अपने लेखन के दौरान साक्ष्य और समर्थन प्रदान करना याद रखें।

## नजर-नजर का फेर

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मैं** छह महीने पहले तक शादी-शुदा थी। अब विधवा हूँ। न जाने यह समाज क्यों विधवा को कटी पतंग की तरह लूटने के लिए लालायित रहता है। पति निकम्मा ही सही हवस के भूखों से बचाए रखने का लायसेंस होता है। मंगलसूत्र, सिंदूर, बिछुए मुझे यह याद दिलाते हैं कि मैं किसी के साथ बंधी हूँ। इसके न होने पर हर कोई मुझे यूज करने के बारे में सोचता है। पति के मरने के छह महीने तक मैं घर में ही पड़ी रही। कभी मेरी बहन तो कभी भाई और कभी पिता मेरे साथ रहते और मुझे इस दुख से उबारने का साहस देते। यह दुनिया काम करने वालों को कभी फुर्सत नहीं देती। और जिनको फुर्सत देती है उनको काम नहीं देती। सो सभी मुझे छोड़कर अपने-अपने घर चले गए। अब मैं अकेली, सास-ससुर के साथ रहती हूँ। घर का पूरा काम मुझे ही संभालना पड़ता है। यहाँ पुरुष के लिए घूमने-फिरने के लिए चौबीस घंटे होते हैं, लेकिन स्त्रियों के लिए निश्चित समय होता है। शाम छह बजे से पहले लौट आने वाली स्त्रियाँ लोगों की नजर में चरित्रवान और अंधेरे में आने वाली पहले कानाफूसी और बाद में चरित्रहीनता का शिकार होती हैं। रात आठ बजे सामान लाने के लिए किराना की दुकान पर क्या गई भाभी कहने वाले लोगों की आँखों में कुछ और ही नजर आ रही थी। विधवा मतलब सजने-धजने, खूबसूरत कपड़े पहनने, मेहंदी लगाने, लिपस्टिक, पाउडर, काजल से दूर रहने का फरमान है। इस फरमान का कड़ाई से पालन करने पर भी मैं अपने ही कुछ अवयवों से हारी हूँ। ये अवयव एक समय खूबसूरती का कारक बनते हैं तो एक समय जीना दुश्वार कर देने वाले घातक शूल। दुकान पर जाने पर दुकानदार मुझे जानबूझकर रोकने के लिए सामान देरी से देने के लिए तरह-तरह के बहाने बना रहा है।

मौका मिलते ही मुझे आँख मार रहा है। वह मुझे ऊपर से नीचे तक बार-बार घूर रहा है। मैं चाहती तो दुकान बदल सकती हूँ, लेकिन लोगों की नीयत बदलने की मेरे पास तरकीब नहीं है। सामान थमाते हुए उसने मेरे हाथ मिस दिए।

सड़क पर शराब की दुकान भी होती है।

## न्यूज फ्लैश

### दूसरे प्रदेशों के बेहतर कार्यो का अध्ययन कर रही उप्र के विद्युत विभाग की टीमें

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
देश के अग्रणी विद्युत वितरण निगमों में बेहतर कार्यों का अध्ययन कर उसे उत्तर प्रदेश में लागू करने के लिए विद्युत विभाग की तीन टीमें दूसरे प्रदेशों में भेजी गई है। ये टीमें गुजरात, मध्य प्रदेश तथा हरियाणा डिस्काम में किये जा रहे अच्छे कार्यों का अध्ययन कर अपनी संस्तुति उ0प्र0 पावर कारपोरेशन को सौपेंगी।
उ.प्र.पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने बताया कि उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड की वितरण कम्पनियों द्वारा मीटरिंग, बिलिंग, कलेक्शन एवं वितरण के कार्यों में सुधार के लिए निरन्तर प्रत्यनशील है और गुणात्मक सुधार किया जा रहा है। पावर फाईनेंस कारपोरेशन द्वारा की जा रही डिस्काम की रेटिंग में देश के अग्रणी राज्यों गुजरात, मध्य प्रदेश तथा हरियाणा के डिस्काम्स में मीटरिंग, बिलिंग, कलेक्शन एवं वितरण इत्यादि से सम्बन्धित कार्यों का अध्ययन करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की तीन टीमों का गठन किया गया है।
प्रबन्ध निदेशक (केस्को) सैमुअल पाल के नेतृत्व में नौ सदस्यीय टीम गुजरात गयी है। इसी तरह मध्यांचल डिस्काम के निदेशक वाणिज्य योगेश कुमार के नेतृत्व में आठ सदस्यीय टीम मध्य प्रदेश गयी है तथा पूर्वांचल डिस्काम के निदेशक वाणिज्य राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में हरियाणा जायेगी। यह टीमें डिस्काम के अन्तर्गत मीटरिंग, बिलिंग कलेक्शन एवं वितरण तन्त्र के विषय में अपनायी जा रही बेस्ट प्रैक्टिसेस का बारीकी से अध्ययन करेगी, जिसमें उपभोक्ताओं की बिलिंग की सम्पूर्ण व्यवस्था, मीटरिंग, राजस्व संग्रहरण किन-किन माध्यमों से किस प्रकार किया जा रहा है।
डा. आशीष गोयल ने बताया कि एनर्जी अकाउण्ट बनाने की व्यवस्था, फीडर, डी0टी0 एनर्जी आडिट प्रयोग किये जा रहे विभिन्न एप एवं आई0टी0 सिस्टम ट्रान्सॅफार्मस की क्षतिग्रस्तता एवं उसके मरम्मत किये जाने के सम्बन्ध में, उपभोक्ता की शिकायत अटेण्ड करने की प्रणाली के सम्बन्ध में, कार्मिकों के संवाद एवं संदेश प्रणाली के सम्बन्ध में, अच्छे कार्य करने वाले कार्मिकों की प्रोत्साहन योजना के सम्बन्ध में, डिस्काम रेटिंग में सुधार लाये जाने के सम्बन्ध में तथा सम्बन्धित तकनीकी एवं इनोवेटिव प्रैक्टिसेस बिन्दु शमिल है। भ्रमण के उपरान्त प्रत्येक टीम अपना प्रेजेंटेशन एवं आख्या एक सप्ताह में अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

### पत्नी ने प्रेमी को गुजरात भेज करवायी पति की हत्या

**इटावा/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद में रहने वाली एक महिला ने अहमदाबाद में रह रहे पति की हत्या अपने प्रेमी से करवायी है। इसका खुलासा महिला के मोबाइल की कॉल रिकार्डिंग से हत्या के बाद प्रेमी द्वारा खबर देने के दौरान हुई बातचीत से हुई है। बेटे के परिवार की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपितों को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में अहमदाबाद पुलिस से सम्पर्क किया है। वहां की पुलिस अब दोनों को गिरफ्तार करने जनपद आ रही है।
ऊसराहार थाना क्षेत्र में रहने वाला 40 वर्षीय हकीम परिवार के भरण-पोषण के लिए गुजरात के अहमदाबाद में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। जबकि उसकी पत्नी किरण अपने चार बच्चों के साथ ससुराल में अन्य परिवार के संग रहती थी। उनकी शादी को 12 साल बीत चुके हैं।
हकीम के मामा सतपाल सिंह ने बताया कि सोमवार को आधी रात किरण ने परिवार को बताया कि अधिक शराब पीने से उसके पति हाकीम की मौत हो गई है। गांव का ही दीपू पति के शव को लेकर घर लौट रहा है। इधर मौत की खबर पाकर परिवार में रोना-पीटना मच गया। घरवालों को शक था कि बेटे की हत्या बहू ने करवायी है। इसे पुष्टि करने के लिए किरण के मोबाइल को जब चेक किया तो किरण और दीपू की बातचीत की कॉल रिकार्डिंग सुनकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई।
ऑडियो में किरण, दीपू से कह रही है कि मर गयो। इस पर दीपू ने उससे कहा रहा है कि बड़ी मुश्किल से मर पाया है। आंखें मीचकर हमने उसका गला दबाया है। यह सुनकर किरण दीपू से कह रही है यह बातें हमसे न करो मेरी हिम्मत उखड़ जायेगी। हमसे प्यार भरी बातें करो। हमे रोना तो पड़ेगा अगर रोएंगे नहीं तो घरवालों को शक हो जायेगा। दीपू किरण को आश्वस्त कर रहा है कि वह उसके बच्चों को पढ़ाएगा और उनसे शादी भी करेगा। इसे सुनकर परिवार ने जब किरण से पूछा तो उसने कबूला कि उसका दीपू से प्रेम प्रसंग चल रहा है। उन दोनों के बीच रोड़ा बन रहे पति को रास्ते से हटाने के लिए नौकरी का बहाना बनाकर दीपू अहमदाबाद गया था। वहां पर पति हाकीम के साथ रहकर नौकरी के बहाने बीती सोमवार को मौका पाकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी।

# डीजीपी यूपी को महिला कांस्टेबल के लिंग परिवर्तन कराने के आवेदन को निस्तारित करने का निर्देश

**प्रयागराज/टीम एक्शन इंडिया**
इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जेन्डर डिस्फोरिया से पीड़ित अविवाहित महिला सिपाही की याचिका पर सरकार से जवाब तलब करते हुए कहा कि लिंग परिवर्तन कराना एक संवैधानिक अधिकार है। अगर आधुनिक समाज में किसी व्यक्ति को अपनी पहचान बदलने के इस निहित अधिकार से वंचित करते हैं या उसकी अर्जी स्वीकार नहीं करते हैं तो हम केवल लिंग पहचान विकार सिंड्रोम को प्रोत्साहित करेंगे। कोर्ट ने मामले में यूपी के पुलिस महानिदेशक को एक महिला कांस्टेबल द्वारा लिंग परिवर्तन



कराने की मांग के प्रार्थना पत्र को निस्तारित करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही यूपी सरकार से इस मामले में जवाब दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने सरकार से सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में कानून बनाने को भी कहा है। कोर्ट इस याचिका पर 21 सितम्बर को सुनवाई करेगी। यह आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार ने नेहा सिंह की याचिका पर पारित किया है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के हवाले से कहा कि कभी-कभी ऐसी समस्या घातक हो सकती है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति विकार, चिंता, अवसाद, नकारात्मक आत्म छवि और किसी की यौन शारीरिक रचना के प्रति नापसंदगी से पीड़ित हो सकता है। यदि इस तरह के संकट को कम करने के लिए मनोवैज्ञानिक उपाय विफल हो जाते हैं तो सर्जिकल हस्तक्षेप करना चाहिए।
मामले में याची ने हाईकोर्ट के समक्ष आग्रह किया कि वह जेंडर डिस्फोरिया से पीड़ित है और खुद को अंततः एक पुरुष के रूप में पहचानने और व्यक्त करने के लिए सेक्स रिअसाइनमेंट सर्जरी कराना चाहती है। याची ने कहा कि उसने पुलिस महानिदेशक के समक्ष इस सम्बंध में 11 मार्च को अभ्यावेदन किया है लेकिन अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इस वजह से उसने यह याचिका दाखिल की है।याची के अधिवक्ता की ओर से राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण बनाम भारत संघ व अन्य के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश का हवाला दिया गया। कहा कि इस केस में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आवेदन को रोकना उचित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने लिंग पहचान को व्यक्ति की गरिमा का अभिन्न अंग घोषित किया है। कोर्ट ने कहा कि यदि कोई ऐसा नियम नहीं है तो राज्य केंद्रीय कानून के अनुरूप ऐसा अधिनियम बनाए। कोर्ट ने मामले में सुनवाई के लिए 21 सितम्बर की तारीख तय की है।

## तेरह राज्यों के किसान सीमैप में ले रहे वैज्ञानिक खेती का प्रशिक्षण

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
सी.एस.आई.आर.-केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीमैप) में सिडबी के सहयोग से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें देश के 13 राज्यों के 47 जनपदों से 59 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। शुक्रवार तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी ने कहा कि औषधीय एवं सगंध पौधों की विश्व स्तरीय मांग को देखते हुए इनकी खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।
डा. प्रबोध कुमार त्रिवेदी ने कहा कि सीएसआईआर-सीमैप, लखनऊ के वैज्ञानिकों के प्रयासों द्वारा किसानों के लिये औषधीय एवं सगंध पौधों की उन्नत प्रजातियाँ विकसित की गयी हैं, जिनसे किसानों को अधिक



पैदावार व आर्थिक लाभ मिलेगा। सीएसआईआर-सीमैप एवं सहयोगी प्रयोगशालाओं के द्वारा चलाये जा रहे सीएसआईआर एरोमा मिशन के अन्तर्गत किसानों को वृहद रूप से जोड़ा गया है। इसके फलस्वरूप आज भारत नीबूघास व पामारोजा के तेल के उत्पादन में आत्मनिर्भर बन निर्यात करने की ओर अग्रसर है। डॉ. संजय कुमार, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया।

## चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग के लिए पढ़ी हनुमान चालीसा

**झांसी/टीम एक्शन इंडिया**
चंद्रयान-3 की सफलता के लिए पूरा देश टकटकी लगाए बैठा है। गांव-गांव, गली-गली और महानगर तक लोग तमाम प्रकार के धार्मिक आयोजन व अनुष्ठान करते हुए चंद्रयान-3 की सफलता की कामना कर रहे हैं। झांसी में भी चंद्रयान-3 की सफलता के लिए महिलाओं द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तो दूसरी ओर सिद्धेश्वर मंदिर में भी हवन-पूजन कर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग की कामना की गई।
वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की भूमि झांसी के सीपरी बाजार अंतर्गत विजन हाइट्स में अंतरिक्ष की दुनिया में इतिहास रचने वाला इसरो का चन्द्रयान-3 के सफल लैंडिंग को लेकर महिलाओं ने सुदंरकांड पाठ का आयोजन किया। दोपहर बाद से शुरू हुआ यह पाठ चन्द्रयान-3 की सफल लैंडिंग तक चलता रहेगा। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए।



सुंदरकांड का पाठ करते हुए सभी भगवान से प्रार्थना करते नजर आए कि चन्द्रयान-3 की सफल लैडिंग हो ताकि भारत दुनिया में अपना परचम लहरा सके।
रेशु भटनागर ने बताया कि वह और उनकी कॉलोनी के लोगों द्वारा यह आयोजन किया गया है। वे सभी भारत के इस ऐतिहासिक पल को एक साथ देखना चाहते हैं। इसीलिए यह कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहेगा।

## जौनपुर में एक युवक की गोली मारकर हत्या

**जौनपुर/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद के नेवढ़िया थाना क्षेत्र के तरती गांव स्थित कोल्ड स्टोरेज के पास बुधवार को एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पाकर मड़ियाहूं अपर पुलिस अधीक्षक देहात, क्षेत्राधिकारी सर्किल थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है।
गोसाईपुर निवासी सतीश यादव बुधवार को किसी काम के लिए तरती गांव कोल्ड स्टोर के पास आया था।
परिवार का आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा तमंचे से गोली मार सतीश की हत्या कर दी है। गोली सिर में लगी है। घटना की जानकारी पर परिवार और पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। घटनास्थल के एरिया को सीज करते हुए फोरेंसिक टीम के साथ साक्ष्यों को एकत्र किया।

## किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाना पड़ा भारी, कन्नौज का युवक गिरफ्तार

**मीरजापुर/टीम एक्शन इंडिया**
देहात कोतवाली के एक गांव की किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप में वांछित आरोपित को पुलिस ने बुधवार को मीरजापुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दरअसल, गत 11 अगस्त को एक महिला ने पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में धर्मवीर निवासी खजुआ थाना गोसाईगंज जनपद कन्नौज के विरुद्ध देहात कोतवाली पर तहरीर दी थी।
पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी हुई थी और किशोरी को बरामद कर पहले ही परिवार के सुपुर्द कर दिया गया था।



बुधवार को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने मीरजापुर रेलवे स्टेशन से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

# भाकियू ने की घोषणा , किसान नहीं जमा करेंगे विद्युत बिल

**मासिक पंचायत**

**बाढ़ के हालात बने हुए हैं जिससे किसानों की खादर क्षेत्र की गन्ने व धान की फसल नष्ट हो चुकी है**

**बिजनौर/टीम एक्शन इंडिया**
आज भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत गन्ना समिति बिजनौर में जिला अध्यक्ष चौधरी सत्यवीर सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुई।
आज पंचायत में पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही भीषण बारिश के कारण गंगा में आए पानी से बाढ़ के हालात बने हुए हैं जिससे किसानों



की खादर क्षेत्र की गन्ने व धान की फसल नष्ट हो चुकी है। जिला अध्यक्ष चौ सत्यवीर सिंह ने जिला प्रशासन से बाढ़ से हुई नष्ट फसलों का सर्वेक्षण कराकर किसानों को जल्द उचित मुआवजा देने की मांग की ताकि किसान आने वाले समय में अपनी दूसरी फसलो को बो सकें व अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें।
जलीलपुर चांदपुर क्षेत्र में गंज से लेकर नारनौल तक गंगा पानी भयंकर तबाही मचाए हुए है जिससे कई हजार बीघे फसलें बर्बाद हो रही हैं व कई गांव नष्ट होने के कगार पर है । भारतीय किसान यूनियन ने मांग किया है कि गंगा किनारे तटबंध बनाकर इन गांवों में हो रही फसलों की बबार्दी को रोका जाए और भविष्य में होने वाले नुकसान से बचा जाए। इस संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी बिजनौर को दिया गया। पंचायत में वक्ताओं ने बताया कि जिले में रात्रि में लगातार हो रही बिजली की कटौती से प्रत्येक व्यक्ति परेशान है। जिले में गुलदार का आतंक है और बिजली की रात में कटौती होने भय और बढ़ जाता है। अतः जिले में हो रही अघोषित बिजली कटौती तुरंत बंद की जाए। जिले में घूम रहे निराश्रित गोवंश द्वारा किसानों पर हमले कर दर्जनों किसान घायल कर दिए गए व दो किसान असमय काल की भेंट चढ़ गए। जिला प्रशासन निराश्रित गोवंशों को पकड़कर गौशाला में पहुंचाने का काम करें। किसानों को जल्द से जल्द मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाए, किसानों ने तय किया है कि हम नलकूपों का बिजली का बिल जमा नहीं करेंगे तथा किसानों को रोस्टर के अनुसार बिजली विभाग बिजली देने का कार्य करें । बढ़ती महंगाई और फसलों की बढ़ती लागत को देखते हुए गन्ने का न्यूनतम समर्थन मूल्य 6 रुपये किलो होना चाहिए।

## चौहान-राजभर के चक्रव्यूह में खुद फंसी भाजपा, जीत को गुरूमंत्र दे गए धर्मपाल

**मऊ/टीम एक्शन इंडिया**
राजनीति में नित्य नए प्रयोग में माहिर भाजपा व उसके चाणक्य 2023 के घोसी उपचुनाव में स्वयं अपने ही नए समीकरण में फंस गए हैं। घोसी लोकसभा से लेकर, मऊ, मधुबन व घोसी विधानसभा की सियासत में इस समय राजनीति की वह गुत्थी उलझी हुई है कि न तो निगलते बन रही है और न ही उगलते। ऐसे में चौहान-राजभर के राजनीति के समीकरण के नए खेल के चक्रव्यूह में खुद भाजपा फंस गई है।
कहने को यह है, और चट्टी चौराहे पर यह चर्चा में है कि सुभासपा मुखिया ओमप्रकाश राजभर व सपा छोड़ भाजपा में आए और घोसी उपचुनाव के भाजपा उम्मीदवार दारा सिंह चौहान घोसी के सियासी जंग में फंस चुके हैं, लेकिन सच्चाई केवल यही नहीं है। इन दोनों नेताओं का क्षणिक भविष्य दांव पर तो है, लेकिन राजनीति में नित्य नए प्रयोग की मास्टर माइंड भाजपा और उसके चाणक्य इस खेल में बुरी तरह उलझ गए हैं और उलझन ऐसी है कि सुलझने का नाम नहीं ले रही है।
उपचुनाव में विधानसभा की घोसी की एक सीट के जीत के बहुत मायने विधायक की संख्या की बढ़ोतरी के हिसाब से भाजपा के लिए नहीं है। ना तो केंद्र सरकार और ना ही प्रदेश की सरकार पर इस जीत का कोई असर पड़ना है। लेकिन ओपी और दारा के राजभर व चौहान के प्रयोग से अगर भाजपा हारती है तो आगामी 2024 के खेल में मुश्किलें कुछ अलग प्रकार की बढ़ जाएगी। क्योंकि भाजपा उपचुनाव के सहारे ओमप्रकाश राजभर व दारा सिंह चौहान की राजनैतिक परीक्षा भी करा रही है और इस परीक्षा में ये दोनों नेता अच्छे अंक के साथ पास हों, यह उम्मीद भी लगा बैठी है।

## दिव्यांगों की बैसाखी बने बागपत जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह

**बागपथ/टीम एक्शन इंडिया**
बागपत जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह दिव्यांगों की समस्याओं को लेकर गंभीर हैं। दिव्यांगों के प्रमाण प्रत्रों के लिए कैंप की व्यवस्था कर सैकड़ों प्रमाण पत्र बनाने का काम किया है। दिव्यांगों के साथ बैठक पर फीड बैक भी ले रहे हैं।
बागपत जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने जून 2023 को बागपत जिलाधिकारी के पद का कार्यभार संभाला था। जनपद का भ्रमण किया, विकास कार्य देखे। ऐसे में उनके द्वारा दिव्यागों के लिए एक नई पहल की गई। जिलाधिकारी ने जनपद में लगने वाले सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में एक दिव्यांग कैंप लगाने के निर्देश दिये। इसके अंतर्गत कैंप में ही दिव्यांगों को प्रमाण पत्र बनाकर दिये जा रहे है। उनको खाना पीने भी दिया जा रहा है। चेतावनी दी गयी यदि उनको कोई परेशानी हुई तो स्वास्थ विभाग जिम्मेदार होगा।

# फिर बढ़ने लगा गंगा का जलस्तर, प्रशासन अलर्ट

**मीरजापुर/टीम एक्शन इंडिया**
अचानक मौसम बदलने व बारिश होने से एक बार फिर गंगा जलस्तर बढ़ने लगा है। बुधवार की दोपहर तक गंगा जलस्तर 69.240 मीटर पहुंच गया। वहीं उत्तराखंड व यमुना नदी में पानी बढ़ने के चलते फिर से गंगा जलस्तर में बढ़ोत्तरी शुरू हो गई है। गंगा का जलस्तर आधा सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। हालांकि अभी चेतावनी बिंदु 76.724 मीटर से काफी नीचे पानी बह रहा है। वहीं प्रशासन पहले से अलर्ट है।



करीब 15 दिन पूर्व गंगा जलस्तर 73 मीटर पहुंचा गया था। इससे तटवर्ती क्षेत्र कोन ब्लाक के हरसिंगपुर आदि गांव में गंगा किनारे बोई गई सब्जियों की फसल डूब गई थी। बाढ़ की संभावना भी थी, लेकिन पानी घटने से किसानों और प्रशासन ने राहत की सांस ली थी। रविवार को गंगा जलस्तर 68 मीटर तक आ गया था, लेकिन सोमवार से एक बार फिर बढ़ोतरी शुरू हो गई और बुधवार की दोपहर 69.240 मीटर तक जलस्तर पहुंच गया। प्रशासन की मानें तो दूसरे प्रदेशों के नदियों में पानी का बढ़ाव हुआ है। इसके चलते यहां भी पानी बढ़ने लगा है। दूसरा कारण मंगलवार को हुई बारिश भी है। हालांकि अभी बहुत अधिक पानी का बढ़ाव नहीं है। आधा सेंटीमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से पानी का बढ़ाव जारी है। चेतावनी बिंदु 76.724 मीटर है। इससे पानी अभी बहुत नीचे है। फिर भी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि गंगा के जलस्तर पर लगातार निगाह बनाए रखें।

# चंद्रयान मिशन में फिरोजाबाद के किसान का बेटा निभा रहा है भूमिका

**फिरोजाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
फिरोजाबाद जनपद के गांव टीकरी निवासी किसान शंभू दयाल यादव के बड़े पुत्र धर्मेंद्र प्रताप यादव चंद्रयान 3 की उड़ान में सम्मिलित हैं। वे 2011 से ही बेंगलुरू के इसरो में वरिष्ठ वैज्ञानिक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इससे पूर्व मंगलयान से लेकर चंद्रयान- 1 चंद्रयान-2 में अहम भूमिका निभा चुके हैं। गांव टीकरी में खुशी का माहौल बना हुआ है।
वैज्ञानिक धर्मेंद्र प्रताप विभिन्न शिक्षण संस्थानों में शिक्षा ग्रहण की है। वे बेहद मेधावी छात्र रहे। चंद्रयान-3 की 6.04 बजे पर लैंडिंग टीवी चैनल पर देखने को लोग उत्साहित हैं। वैज्ञानिक धर्मेंद्र



प्रताप यादव के गांव टीकरी में खुशी का माहौल बना हुआ है। परिवार के लोग उस ऐतिहासिक पल को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। किसान पिता शम्भू दयाल ने बताया कि वैज्ञानिक धर्मेंद्र ने लॉर्ड ऋषभ टूंडला से प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की थी उसके बाद ब्रजराज सिंह इंटर कॉलेज से 12वीं तक की पढ़ाई करने के बाद आगरा आनंद इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक और एनआईटी जालंधर से 2010 में एमटेक किया था। इसके बाद इसरो में वर्ष 2011 में विज्ञानी पद पर पहली बार में हुई नियुक्ति हुई थी। धर्मेंद्र यादव के छोटे भाई उपेंद्र यादव एनआइटी जालंधर से एमटेक कर रहे हैं। धर्मेंद्र के चाचा अरविंद यादव पूर्व प्रधान ने बताया है कि उनके भतीजे धर्मेंद्र बेंगलुरू के इसरो में 2011 से वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद पर तैनात रहकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने मंगलयान से लेकर चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 चंद्रयान-3 में भी भाग लिया है। वैज्ञानिक धर्मेंद्र तीन भाई-बहन हैं। एक भाई उपेंद्र यादव व बहन दीपिका की शादी हो चुकी है। पिता शंभूदयाल किसान हैं। मां कमला देवी गृहणी हैं।

**पूर्व राष्ट्रपति से मिली थी प्रेरणा**
धर्मेंद्र यादव के पिता शंभू दयाल यादव ने अपनी यादों को ताजा करते हुए ने बताया कि जालंधर एनआईटी कॉलेज में दीक्षांत समारोह में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम आए थे। इस दौरान उस समय उन्होंने कहा था कि बच्चे आईएएस, आईपीएस बनने के इच्छुक रहते हैं लेकिन कुछ बच्चों को वैज्ञानिक भी बनकर देश सेवा करनी चाहिए। वहीं से उनको प्रेरणा मिली थी। इसके बाद बेटे ने अपना रास्ता तय कर लिया कि उन्हें वैज्ञानिक ही बनना है। इसके साथ ही उन्होंने अपना लक्ष्य तय कर इसके लिए प्रयास शुरू किया।

# अश्लील गाने के साथ किशोरियों का वीडियो बना फेसबुक पर किया पोस्ट, गया जेल

**मीरजापुर/टीम एक्शन इंडिया**
किशोरियों का वीडियो बनाकर अश्लील गाने के साथ फेसबुक पर प्रसारित करना युवक को भारी पड़ गया। आखिरकार उसे सलाखों के पीछे जाना पड़ा। पुलिस ने बुधवार को युवक को गिरफ्तार कर पहले न्यायालय में पेश किया, फिर जेल भेज दिया।
ड्रमंडगंज कोतवाल जितेंद्र सरोज ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने 21 अगस्त को सैफ अंसारी उर्फ एलेक्स पुत्र गुलशन अंसारी निवासी देवहट थाना ड्रमंडगंज के विरुद्ध थाने पर नामजद तहरीर दी थी। आरोप था



कि आरोपित युवक ने उसकी बेटी और उसकी दो सहेलियों का वीडियो बनाया। इसके बाद अश्लील गाने के साथ वीडियो को फेसबुक पर पोस्ट कर दिया। इसकी शिकायत जब लोगों ने की और उन्होंने फेसबुक पर प्रसारित किए गए वीडियो को देखा तो हैरान रह गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने स्पेन को 2-1 से हराया

**डसेलडोर्फ।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यहां खेले जा रहे 4 देशों के टूर्नामेंट में स्पेन को 2-1 से शिकस्त दी। भारत के लिए अनू (21%) और साक्षी राणा (47%) ने एक-एक गोल किया, जबकि स्पेन के लिए लीमा टेरेसा (23%) ने गोल किया। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत तेज गति के साथ हुई। भारत ने बढ़त लेने की कोशिश में अपने हमलों की गति बढ़ा दी और



इसका उसे फायदा भी मिला। अनू ने 21वें मिनट में एक अच्छा फील्ड गोल करके भारत को 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि, दो मिनट बाद ही मैच के 23वें मिनट में लीमा टेरेसा ने फील्ड गोल करके स्पेन को 1-1 की बराबरी दिला दी। मध्यांतर तक स्कोर 1-1 से बराबर रहा। तीसरा क्वार्टर भी गोलरहित रहा, हालांकि चौथे क्वार्टर में भारत ने बढ़त लेने की कोशिश में आक्रामक कदम उठाने शुरू कर दिये, जिसका फायदा भी टीम को मिला। मैच के अंतिम क्वार्टर में साक्षी राणा (47%) ने बेहतरीन फील्ड गोल कर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। इसके बाद, स्पेन ने बराबरी की तलाश में जवाबी हमला किया, लेकिन भारतीय टीम के डिफेंस ने बेहतरीन प्रदर्शन कर स्पेन के हर हमले को नाकाम कर दिया और अंत में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की।

## हाकी : गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज ने नार्दर्न रेलवे को हराया

**लखनऊ।** हाकी लीग सीनियर चैम्पियनशिप में गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज ने नार्दर्न रेलवे को हरा दिया। वहीं दूसरे मैच में साई ने स्पोर्ट्स हास्टल लखनऊ को 2-0 से मात दे दी। नार्दर्न रेलवे और गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज के बीच हुए मैच में 11 मिनट तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। 12वें मिनट में नार्दर्न रेलवे ने एक गोल कर बढ़त बना ली। इसके बाद दोनों टीमों के बीच कसम-कस चलता रहा और 22वें मिनट में गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज की टीम ने एक गोलकर



बराबरी कर ली। इसके बाद फिर 35वें मिनट में एक गोल कर बढ़त बना ली।

इसके बाद 41वें मिनट में एक और गोल दागकर गुरु गोविंद सिंह की टीम ने मैच को तीन-एक से जीत लिया। वहीं दूसरे मैच में 18 मिनट तक दोनों टीम के बीच कसमकस चलता रहा, लेकिन 19वें मिनट में साई ने एक गोल दाग दिये। इसके बाद पुनः 37वें मिनट में एक गोलकर 2-0 से मैच को जीत लिया।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के पहले ही दौर से बाहर हुईं पीवी सिंधु

**कोपेनहेगन।** भारत की स्टार महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2023 के पहले दौर से ही बाहर हो गई हैं। टूर्नामेंट में16वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सिंधु दूसरे गेम में 9-0 की बढ़त के बावजूद गैर वरीय नोजोमी ओकुहारा से सीधे गेम में 21-14, 21-14 से हार गईं। ठीक एक दशक पहले 17 साल की उम्र में अपना पहला पदक जीतने के बाद से यह विश्व चैंपियनशिप में पहले दौर में उनकी पहली हार है। वह जनवरी में पांच महीने की चोट के बाद वापसी के बाद से लगातार संघर्ष कर रही हैं। वहीं, पीवी सिंधु और नोजोमी ओकुहारा के बीच कभी भी बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में दूसरे दौर का मैच नहीं होता। ये दोनों पहले भी दो विश्व चैंपियनशिप फाइनल में भिड़ चुके हैं और दोनों एक दूसरे को हराकर



विश्व चैंपियन बने थे। मैच के बाद सिंधु ने कहा, मैं अपनी शारीरिक और मानसिक फिटनेस पर बहुत काम कर रही हूं क्योंकि मुझे पता है कि इस तरह के मैच आपको बहुत बुरा महसूस कराते हैं लेकिन यह सब खेल और जीवन का हिस्सा है.. मेरे लिए यह महत्वपूर्ण है कि मैं वापस जाऊं और अच्छी तरह से तैयारी करूं और अगली चैम्पियनशिप में मजबूत होकर वापसी करूं।

## जिम्बाब्वे के क्रिकेटर हीथ स्ट्रीक का 49 साल की आयु में निधन

**हरारे।** टीम जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान और आलराउंडर हीथ स्ट्रीक नहीं रहे। कैंसर से जूझ रहे हीथ ने 49 साल की आयु में 22 अगस्त को अंतिम सांस ली। स्ट्रीक ने जिम्बाब्वे के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 65 टेस्ट और 189 वनडे मैच खेले हैं। स्ट्रीक को कोलन और लिवर कैंसर था। उनका इलाज दक्षिण अफ्रीका में चल रहा था।

हीथ स्ट्रीक के नाम टेस्ट क्रिकेट में कुल 216 विकेट दर्ज हैं। इस दौरान उन्होंने 16 बार एक पारी में चार विकेट जबकि सात बार एक पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा किया है। वनडे क्रिकेट में भी हीथ स्ट्रीक का गेंद के साथ शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। हीथ स्ट्रीक ने 50 ओवर फॉर्मेट में 29.82 के औसत से 239 विकेट अपने नाम किए। इस दौरान उन्होंने अपने वनडे करियर में सात बार एक पारी में चार



विकेट जबकि एक बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया है। बल्ले से हीथ स्ट्रीक का प्रदर्शन देखा जाए तो टेस्ट में उनके नाम 1990 रन जबकि वनडे में 2943 रन दर्ज हैं। स्ट्रीक ने टेस्ट में जहां एक शतक और 11 अर्धशतक लगाए, वहीं वनडे में उनके नाम 13 अर्धशतकीय पारी दर्ज हैं।

वर्ष 2000 में जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने हीथ स्ट्रीक को टेस्ट और वनडे दोनों टीमों का कप्तान नियुक्त किया था। स्ट्रीक की कप्तानी में जिम्बाब्वे ने 21 टेस्ट मैचों में से चार में जीत हासिल की। बाकी 11 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। छह मैच ड्रॉ रहे। वनडे में स्ट्रीक ने 68 मैचों में टीम की कप्तानी की और इसमें से 47 में हार मिली। बाकी18 मैच टीम ने अपने नाम किए। स्ट्रीक की कई पूर्व और वर्तमान खिलाड़ियों ने एक्स (पूर्व ट्वीट) के जरिए याद किया है। इनमें भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन भी शामिल हैं।

## दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट का ऐलान, भेदभाव मिटाते हुए महिला क्रिकेटरों के लिए उठाया बड़ा कदम

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए समान वेतन प्रदान करने वाले देशों की लिस्ट में शामिल हो गया है। दक्षिण अफ्रीका ने पुरुष और महिला क्रिकेटरों को अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए समान मैच फीस देने की घोषणा की है। प्रोटियाज न्यूजीलैंड और भारत के साथ ऐसे देशों में शामिल हो गया हैं जिन्होंने पहले लिंग के आधार पर वेतन समानता का खुलासा किया था।

देश भर के क्रिकेट जगत की प्रमुख हस्तियां तशवाने में एकत्रित हुई और अपनी घरेलू महिला प्रतियोगिता के लिए एक अद्यतन संरचना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरुष और महिला दोनों खिलाड़ियों के लिए समान वेतन की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेटरों के लिए मैच फीस में बदलाव अगले महीने शुरू होगा जब वे एशियाई टीम के खिलाफ छह मैचों के सफेद गेंद दौरे के लिए पाकिस्तान की यात्रा करेंगी। दक्षिण



अफ्रीका का नवीनतम विकास राष्ट्रीय महिला टीम के लिए बेहद सफल 18 महीनों के बाद आया है जिसने उन्हें 2022 में न्यूजीलैंड में महिला क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल तक पहुंचाया और फिर इस साल की शुरुआत में महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी करते समय फाइनल में जगह बनाई। न केवल महिला अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अपने पुरुष समकक्षों के समान मैच फीस अर्जित करेंगी, बल्कि महिलाओं की घरेलू लीग भी पेशेवर होगी। नई घरेलू संरचना मौजूदा 16-टीम, दो-स्तरीय सेट-अप से अपनी रूपरेखा लेगी जिसे शीर्ष छह और निचले दस में विभाजित किया गया है, बाद वाले को पदोन्नति-प्रत्यारोपण प्रणाली के साथ पांच-पांच के दो समूहों में विभाजित किया गया है। शीर्ष छह टीमों को अब अधिकतम 11 खिलाड़ियों को अनुबंधित करने की अनुमति दी जाएगी - पिछली छह की तुलना में पांच अधिक - और वे अपने सेट-अप में अधिक पूर्णकालिक कोच और सहायक स्टाफ भी जोड़ सकेंगे।

# अफगानिस्तान ने बनाया सबसे शर्मनाक रिकॉर्ड, पाकिस्तान ने 37 साल बाद किया यह कारनामा

**हंबनटोटा।** हंबनटोटा के मैदान पर एशिया कप से पहले अफगानिस्तान से भिड़ रही पाकिस्तान टीम ने पहले वनडे में जबरदस्त सफलता हासिल की है। हालांकि पाकिस्तान पहले खेलते महज 201 रन ही बना पाई थी। लेकिन उसके गेंदबाजों ने अफगानिस्तान को महज 59 रन पर ढेर कर अपनी टीम को शानदार जीत दिला दी। अफगानिस्तान के लिए यह पाकिस्तान के खिलाफ बनाया गया सबसे न्यूनतम स्कोर था। वैसे भी पाकिस्तान के खिलाफ यह किसी भी टीम का न्यूनतम स्कोर है।

**पाकिस्तान के खिलाफ सबसे न्यूनतम स्कोर**

59 अफगानिस्तान, हंबनटोटा (2023)
64 न्यूजीलैंड, शारजाह (1986)
67 जिम्बाब्वे, बुलावियो (2018)
74 न्यूजीलैंड, शारजाह (1990)
78 श्रीलंका, शारजाह (2002)

आंकड़े साफ है कि पाकिस्तान ने 1986 मे न्यूजीलैंड को 64 रन पर ऑलआउट किया था जो अब तक का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। अब इस रिकॉर्ड में अफगानिस्तान की एंट्री हो चुकी है।



5 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच बने हारिस रऊफ ने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन के दौरान कहा- मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं, विशेष रूप से परिस्थितियों का उपयोग करने और इसका अधिकतम लाभ उठाने की आज कोशिश की थी। यह कम स्कोर वाला गेम था। लेकिन एक गेंदबाजी इकाई के रूप में हमें विश्वास था कि हम कठिन लेंथ के जाए और विकेट हासिल करें।

उन्होंने (शाहीन) वास्तव में अच्छी शुरुआत की और इससे मुझे गेंदबाजी में आने से पहले आत्मविश्वास मिला। जब मैं गेंदबाजी कर रहा होता हूं तो ध्यान गति पर नहीं होता है और मैं बस उसे वहीं डालने की कोशिश करता हूं जहां मैं उसे डालना चाहता हूं। च की बात करें तो पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए इमाम उल हक के 61 तो शादाब खान के 30 रनों बदौलत 201 रन बनाए थे। अफगानिस्तान के मुजीब 33 रन देकर तीन विकेट निकालने में सफल रहे थे। जबकि राशिद और नबी को भी 2-2 विकेट मिले थे। जवाब में खेलने उतरी अफगानिस्तान की टीम 59 रन पर ऑलआऊट हो गई। इब्राहिम जादरान, रहमान शाह, कप्तान शाहिदी, राशिद खान तो खाता भी नहीं खोल पाए। हारिस ने पांच, शहीन अफरीदी ने 2 तो नसीम शाह ने एक विकेट लिया।

## डूरंड कप : 24 से 27 अगस्त तक खेले जाएंगे क्वार्टर-फाइनल मैच

**कोलकाता।** 132वें इंडियन आयल डूरंड कप के क्वार्टर-फाइनल मैचों के कार्यक्रम की घोषणा स्थानीय संगठन समिति द्वारा एक वर्चुअल मीटिंग में की गई। टूर्नामेंट के क्वार्टर-फाइनल मैच 24 से 27 अगस्त तक खेले जाएंगे।इस मीटिंग में क्वार्टरफाइनल में पहुंची आठ टीमों के प्रतिनिधि भी थे।

बदलते मौसम की असुविधाओं के कारण, बदलती खेलने की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रथम क्वार्टर-फाइनल को कोकराझार से गुवाहाटी स्थानांतरित करने का निर्णय भी लिया गया।टूर्नामेंट का पहला क्वार्टर फाइनल मैच 24 अगस्त को इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम, गुवाहाटी में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफ.सी. और इंडियन आर्मी एफ. टी. के बीच खेला जाएगा।दूसरा क्वार्टर-फाइनल मैच 25 अगस्त को विवेकानंद युबा भारती क्रिरंगन, कोलकाता में इमामी ईस्ट बंगाल एफ.सी. और गोकुलम केरल एफ.सी. के बीच




खेला जाएगा।

टूर्नामेंट का तीसरा क्वार्टर-फाइनल मैच 26 अगस्त को इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम, गुवाहाटी में एफ.सी. गोवा और चेन्नईयिन एफ.सी. के बीच खेला जाएगा, जबकि चौथा क्वार्टर-फाइनल मैच 27 अगस्त को विवेकानंद युबा भारती क्रिरंगन, कोलकाता में मोहन बगान सुपर जायंट्स और मुंबई सिटी एफ.सी. के बीच खेला जाएगा।

बता दें कि डूरंड कप के 132वें संस्करण की शुरुआत 03 अगस्त 2023 को हुई थी और समापन 03 सितंबर 2023 को विवेकानंद युबा भारती क्रिरंगन में होगा। इस साल टूर्नामेंट में 24 टीम ने भाग लिया, जिसमें बांग्लादेश और नेपाल दो विदेशी टीम भी थी।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए न्यूजीलैंड ए टीम घोषित, एजाज पटेल, टिम सेफर्ट शामिल

**वेलिंगटन।** ऑस्ट्रेलिया के आगामी दौरे के लिए न्यूजीलैंड ए टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम में सात अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल हैं।

इस दौरे पर न्यूजीलैंड ए की टीम ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी चार दिवसीय मैच और तीन 50 ओवर के मैच खेलेगी। दौरा 31 अगस्त से शुरू होगा। 28 अगस्त में ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में शुरू होने वाले पहले चार दिवसीय मैच से पहले टीम 24 अगस्त को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी।

टिम सेफर्ट, टॉम ब्रूस, जैकब डफी, स्कॉट कुगलेइजन और एजाज पटेल के साथ आदि अशोक और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, जिन्होंने हाल ही में दुबई में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपना पूर्ण अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया, ऑस्ट्रेलिया ए का सामना करने के लिए चुने गए सात अंतरराष्ट्रीय कैप्ड खिलाड़ी है।

अशोक और फॉक्सक्रॉफ्ट इंग्लैंड में ब्लैककैप्स वार्म-अप मैचों में शामिल होने के बाद मैके



में दूसरे प्रथम श्रेणी मैच के लिए टीम में शामिल होंगे, जबकि सेफर्ट अंतिम दो एक दिवसीय मैचों के लिए टीम में शामिल होंगे।

निक केली और जोश क्लार्कसन को पहली बार न्यूजीलैंड ए टीम में शामिल किया गया है।

**न्यूजीलैंड ए की टीम इस प्रकार है:** मुहम्मद अब्बास, आदि अशोक, टॉम ब्रूस (कप्तान), लियो कार्टर, जोश क्लार्कसन, हेनरी कूपर, जैकब डफी, कैम फ्लेचर, डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, मिच हे, स्कॉट कुगलेइजन, विल ओ रूर्के, एजाज पटेल, माइकल राय, ब्रेट रान्डेल, टिम सेफर्ट, सीन सोलिया।

## साई द्वारा विदेशी प्रशिक्षण प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद बजरंग, दीपक विश्व चैंपियनशिप में नहीं खेलेंगे

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने पहलवान बजरंग पुनिया और दीपक पुनिया दोनों एथलीटों से वांछित फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त होने के बाद, विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल में भाग लेने और एशियाई खेलों तक विदेश में प्रशिक्षण लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) चाहता है कि ओलंपिक-पदक विजेता पहलवान बजरंग अगर पटियाला में इस सप्ताह के अभ्यास से छूट चाहते हैं तो विश्व चैंपियनशिप के लिए ट्रायल में भाग लें या फिटनेस प्रमाणपत्र प्रदान करें।

बजरंग और दीपक दोनों 16 सितंबर से बेलग्रेड में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए ट्रायल में भाग लेने के लिए इच्छुक नहीं हैं, इसके बजाय वे एशियाई खेलों की तैयारी के लिए लंबे प्रशिक्षण को प्राथमिकता दे रहे हैं। साई ने एक बयान में कहा, 18 अगस्त को, कोच, ताकत और कंडीशनिंग



विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट और स्पैरिंग पार्टनर के साथ 21 अगस्त से 28 सितंबर तक किर्गिस्तान में प्रशिक्षण लेने के बजरंग के प्रस्ताव को कुश्ती उप-समिति की बैठक में चर्चा के लिए रखा गया था। वहीं, ओलंपियन दीपक पुनिया का 23 अगस्त से 28 सितंबर (35 दिन) तक रूस में ट्रेनिंग कैंप का प्रस्ताव था, बैठक में उनके कोच और फिजियोथेरेपिस्ट से भी चर्चा की गई।' बयान में आगे कहा गया, चर्चा के दौरान, समिति ने बजरंग और दीपक दोनों के प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी, जो विदेश जाने से पहले सीनियर विश्व चैम्पियनशिप ट्रायल में भाग न लेने के उचित कारण के साथ फिटनेस प्रमाण पत्र प्रदान करने की शर्त पर था। इसके बाद, बजरंग ने 19 अगस्त को ईमेल के माध्यम से विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल में भाग न लेने के अपने कारण बताए। इसके अलावा, साई द्वारा 21 अगस्त को एनसीओई सोनीपत में मेडिकल फिटनेस मूल्यांकन किया गया था, जिसमें उन्हें प्रतिस्पर्धी खेलों में खेलने/प्रशिक्षण के लिए फिट घोषित किया गया है।

विश्व चैंपियनशिप 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए पहला क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट है। भले ही उन्होंने पहलवानों की विदेश प्रशिक्षण यात्रा को मंजूरी दे दी है, लेकिन एसएआई इस बात से नाखुश है कि देश के दो शीर्ष पहलवान विश्व चैंपियनशिप छोड़ना चाहते हैं।

## इंग्लैंड के कोच ने वर्ल्ड कप 2023 के चुने सेमीफाइनलिस्ट, पाकिस्तान को किया बाहर

**लंदन।** आईसीसी विश्व कप 2023 अब बस कुछ ही हफ्ते दूर है। क्रिकेट का महाकुंभ 5 अक्टूबर से भारत में शुरू होगा और फाइनल 19 नवंबर को होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच ब्लॉकबस्टर मुकाबले से होगी। लेकिन इससे पहले भविष्यवाणियों का दौर शुरू हो गया है और न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान और इंग्लैंड टेस्ट टीम के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने सेमीफाइनल के लिए चार टीमों को शॉर्ट लिस्ट किया है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इसमें पाकिस्तान टीम शामिल नहीं है।

भारत में अहमदाबाद, चेन्नई, लखनऊ, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, दिल्ली, कोलकाता, धर्मशाला और हैदराबाद में 10 स्थान खेलों की मेजबानी करेंगे। यह टूर्नामेंट 2011 के बाद पहली बार भारत में होगा और इसमें कुल 48 मैच होंगे और 10 टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी। आईसीसी विश्व कप 2023 नजदीक आने के साथ इंग्लैंड के मौजूदा टेस्ट कोच ने भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड को चार टीमों के रूप में चुना है।

जिस बात ने कई लोगों का ध्यान खींचा




वह यह थी कि उन्होंने पाकिस्तान को छोड़ दिया। बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम को लगभग हर विशेषज्ञ ने चुना है। अपने गेंदबाजी आक्रमण के कारण मेन इन ग्रीन टूर्नामेंट जीतने के प्रबल दावेदार होंगे लेकिन बाज के लिए वे सेमीफाइनल में नहीं पहुंचेंगे।

**ब्रेंडन मैकुलम के विश्व कप 2023 के लिए सेमीफाइनलिस्ट:**

भारत (निश्चित रूप से कहा)
इंग्लैंड
ऑस्ट्रेलिया
न्यूजीलैंड

## 'फॉर्म महत्वपूर्ण है', गंभीर ने तिलक वर्मा को एशिया कप टीम में शामिल कर पर दिया बयान

**नई दिल्ली।** एशिया कप के लिए चुनी गई टीम में युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा को भी शामिल किया है। तिलक ने अभी तक एकदिवसीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं किया है, लेकिन बाएं हाथ के बल्लेबाज होने के नाते वह मध्यक्रम में महत्वपूर्ण मिश्रण ला सकते हैं। गंभीर ने हालांकि टीम में बाएं हाथ के खिलाड़ियों से जुड़ी बहस को खारिज किया और फॉर्म के आधार पर टीम चुनने पर जोर दिया।

गंभीर ने कहा, 'अगर उन्हें (तिलक वर्मा) चुना गया है, तो बेशक उसे खेलने के लिए कुछ मैच मिलने चाहिए। अगर उसे खेलने का मौका मिलता है और वह अन्य बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन करता है, तो आपको उसे टीम में जरूर लेना चाहिए। जैसा कि मैंने पहले कहा है, फॉर्म महत्वपूर्ण है। यह बहस कि



कौन बाएं हाथ का है या दाएं हाथ का, या हमें तीन बाएं हाथ के बल्लेबाजों की जरूरत है, एक बेकार बहस है। हम गुणवत्ता देखते हैं, हम यह नहीं देखते कि टीम में कितने बाएं हाथ के खिलाड़ी हैं।

गौर हो कि रोहित शर्मा और टीम चयनकर्ता अजीत अगरकर ने सोमवार को प्रेस वार्ता के दौरान एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की।

टीम में केएल राहुल और श्रेयस अय्यर की वापसी हुई है जो चोटिल थे। वहीं खराब फॉर्म से गुजर रहे सूर्यकुमार यादव को भी टीम में शामिल किया गया है। वहीं संजू सैमसन जिनके लिए वेस्टइंडीज दौरा खराब गया था, को ट्रैवल स्टेंडबॉय के रूप में शामिल किया गया है।